# हरिभूमि

जबलपुर
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



adani | Ports and Logistics

## 400 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य पार करने पर हमें गर्व है।

### भारत का एक चौथाई कार्गो हमारे पोर्ट से जाता है।

इस शानदार रिकॉर्ड से APSEZ लिमिटेड, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि पोर्ट और टर्मिनल के साथ इंटीग्रेटेड फर्स्ट-माईल और लास्ट-माईल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन से हासिल हुई है।

**नंबर 1**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट नेटवर्क

**17**
पूरे भारत में 15 पोर्ट और टर्मिनल, श्रीलंका और इज़राइल में 2

**12**
लॉजिस्टिक पार्क




**लोकसभा क्षेत्र**
खंडवा
1 भाजपा प्रत्याशी
ज्ञानेश्वर पाटिल
2 कांग्रेस प्रत्याशी
नरेंद्र पटेल

**पिछली बार कौन जीता**
ज्ञानेश्वर पाटिल
जीत का अंतर
82 हजार 140

## क्या रहेंगे मुद्दे?

ग्राम रूधि में ग्रोथ सेंटर बनाया गया, लेकिन कोई बड़ी इंडस्ट्री यहां नहीं आ पाई है। पानी की समस्या को दूर करने 106 करोड़ रुपए की नर्मदा जल योजना सौगात मिली, लेकिन पाइपलाइन बार-बार फूटने से पानी की समस्या अब भी बरकरार है। वहीं, शहर को रिंगरोड, बायपास और ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात तो मिली लेकिन वह भी अधूरे हैं। ट्रैफिक की समस्या शहर में आज भी बरकरार है। इसके अलावा इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण लगातार यहां एक्सीडेंट की घटनाएं बढ़ रही हैं। खंडवा रिंग रोड, बायपास अधूरा है और बुरहानपुर के 8-10 हजार पावरलूम अब भी बंद पड़े हैं।

## कांग्रेस के कद्दावर नेता रिंकू सोनकर के भाजपा में शामिल होने से चुनावी समीकरण प्रभावित होने के आसार

# खंडवा में अब तक 6 बार भाजपा जीती तो 7 बार कांग्रेस

*मान्यताओं के अनुसार खंडवा शहर का प्राचीन नाम खांडववन था, जो मुगलों और अंग्रेजों के आने से बोलचाल में धीरे-धीरे खंडवा हो गया। खंडवा नर्मदा और ताप्ती नदी घाटी के मध्य बसा है। ओमकारेश्वर यहां का लोकप्रिय और पवित्र दर्शनीय स्थल है। यह भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में शुमार है। इस बीच सीटों को लेकर अपने स्तर पर प्रयासों का गठजोड़ भी चरम पर है। यह सीट विधानसभा चुनाव में भी काफी अहम रही है, क्योंकि ऐन वक्त पर कुछ प्रत्याशियों ने पाला बदलने के प्रयास किए थे। सन 1962 से अब तक भाजपा को यहां पर 6 बार तो कांग्रेस को 7 बार जीत मिल चुकी है। अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार एक दूसरे से सीधे मुकावले के लिए मैदान तैयार कर लिया है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खंडवा सीट पर मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है। भाजपा के नंदकुमार सिंह चौहान इस सीट से सबसे ज्यादा बार जीतने वाले सांसद हैं। यहां की जनता ने उनको पांच बार चुनकर संसद पहुंचाया है। 1996, 1998, 1999 और 2004 का चुनाव जीतकर उन्होंने इस सीट पर अपना दबदबा बनाए रखा।

हालांकि, 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अगले चुनाव 2014 में उन्होंने इस सीट पर वापसी की और शानदार जीत दर्ज की। नंदकुमार के निधन के बाद 2021 उपचुनाव में भाजपा की जीत ज्ञानेश्वर पाटिल ने पूर्णी को


ज्ञानेश्वर पाटिल


नरेंद्र पटेल

82,140 वोटों से हराकर दर्ज कराई थी। पाटिल को जहां 632,455 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के पूर्णी को 5,50,315 वोट हासिल हुए थे। ज्ञानेश्वर पाटिल को कुल वोटों में 49.85 वोट तो पूर्णी को 43.38 प्रतिशत वोट मिले थे। खंडवा में लोकसभा का पहला चुनाव 1962 में हुआ था। कांग्रेस के महेश दत्ता ने पहले चुनाव में जीत हासिल की। कांग्रेस ने इसके अगले चुनाव 1967 और 1971 में भी जीत हासिल की। 1977 में भारतीय लोकदल ने इस सीट पर कांग्रेस को हरा दिया। कांग्रेस ने इस सीट पर वापसी 1980 में की। तब शिवकुमार सिंह ने इस सीट पर कांग्रेस की वापसी कराई थी।

कांग्रेस ने इसका अगला चुनाव भी जीता। 1989 में भाजपा ने पहली बार इस सीट पर जीत हासिल की, हालांकि भाजपा की खुशी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी और 1991 में उसे कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1996 में भाजपा की ओर से नंदकुमार चौहान मैदान में उतरे और उन्होंने खंडवा में भाजपा की वापसी कराई। वे अगले 3 चुनाव जीतने में भी कामयाब रहे। 2009 में अरुण सुभाष चंद्रा ने यहां पर कांग्रेस की वापसी कराई। 2009 में हारने के बाद नंदकुमार ने एक बार फिर यहां पर वापसी की और अरुण सुभाष चंद्र को मात दी। भाजपा को यहां पर 6 बार तो कांग्रेस को 7 बार जीत मिली है।

### दो प्रमुख पार्टियों के बीच होता है मुकावला

खंडवा सीट पर मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है। भाजपा के नंदकुमार सिंह चौहान इस सीट से सबसे ज्यादा बार जीतने वाले सांसद हैं। यहां की जनता ने उनको 5 बार चुनकर संसद पहुंचाया है। 1996, 1998, 1999 और 2004 का चुनाव जीतकर उन्होंने इस सीट पर अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि, 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अगले चुनाव 2014 में उन्होंने इस सीट पर वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। नंदकुमार के निधन के बाद 2021 उपचुनाव में भाजपा की जीत ज्ञानेश्वर पाटिल ने पूर्णी को 82,140 वोटों से हराकर दर्ज कराई थी। पाटिल को जहां 632,455 वोट मिले वहीं कांग्रेस के पूर्णी को 5,50,315 वोट हासिल हुए थे। ज्ञानेश्वर पाटिल को कुल वोटों में 49.85 वोट मिले, वहीं पूर्णी को 43.38 प्रतिशत वोट मिले थे।

### अरुण यादव की जगह नरेंद्र पटेल को मौका

रविवार को कांग्रेस को एक बड़ा झटका तब लग गया, जब जिला संगठन मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रिंकू सोनकर भाजपा में शामिल हो गए। मंत्री तुलसी सिलावट और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई है। ऐसे में अब चुनावी समीकरण कुछ हद तक प्रभावित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इधर, कांग्रेस में रविवार को अरुण यादव की जगह नरेंद्र पटेल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। नरेंद्र पटेल ने अरुण यादव को प्रत्याशी न बनाए जाने पर कहा कि यह अरुण यादव का निजी निर्णय है, लेकिन उन्होंने देखा कि मैं लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुका हूं, यदि खंडवा लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे चुनती नहीं है, तो उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में निर्णय लिया कि जिस पर सभी नेताओं की सहमति हो उसे कैंडिडेट बनाया जाए, उसमे मेरा नाम आया। ठाकुर राजनारायण सिंह ने मेरे नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन अरुण यादव ने किया।

### खंडवा लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें

खंडवा लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा की 8 सीटें आती हैं। बागली, पंधाना, भीखनगांव, मंधाता, नेपानगर, बदवाह, खंडवा, बुरहानपुर यहां की विधानसभा सीटें हैं। यहां की 8 विधानसभा सीटों में से 3 पर भाजपा, 4 पर कांग्रेस और 1 सीट पर निर्दलीय का कब्जा है। मालवा और निमाड़ को मिलाकर बना खंडवा लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा और कांग्रेस में जोरदार मुकाबला होने वाला है। खंडवा कभी कांग्रेस पार्टी का गढ़ हुआ करता था। कांग्रेस ने यहां 7 बार जीत दर्ज की, बाद में यह भाजपा का किला बन गया है। 1996 के बाद भाजपा यहां लगातार जीत दर्ज कर रही है। खंडवा से भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव जीतते रहे हैं। यहां कुशाभाई ठाकरे ने भी जीत हासिल की थी।

---

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...

### भोपाल में रात 1.30 बजे हुई थी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा

मेरे समय के चुनाव का वाक्या 1990 के दशक का है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ एक ही राज्य था। तब विधानसभा की 320 सीटों का सदन हुआ करता था। भोपाल जिले में विधानसभा सीटों की संख्या तब 4 हुआ करती थी। चार सीटों में भोपाल दक्षिण, भोपाल उत्तर, गोविन्दपुरा और बैरसिया शामिल थीं और लोकसभा क्षेत्र आज के समय के समान ही फैला था। वर्ष 1990 में चुनाव के दौरान भोपाल के सेन्ट्रल लायब्रेरी ग्राउंड पर कांग्रेस की चुनावी सभा रखी गई थी। सभा महत्वपूर्ण थी। दरअसल, प्रधानमंत्री राजीव गांधी सभा को संबोधित करने वाले थे। उस वक्त चुनावों में आज जैसी सख़्ती या सख़्त आचार संहिता नहीं हुआ करती थी। राजीव गांधी की सभा का समय शाम 6 बजे था। वे किसी अन्य राज्य के चुनावी दौरे से होते हुए मप्र पहुंचे थे। राजीव गांधी सभा की सुनिश्चित तारीख और समय की जगह अगली तारीख यानि शाम 6 की जगह रात करीब 1 बजे सभा स्थल पर पहुंचे थे। आधी रात बीत जाने के बाद भी काफी तादाद में उन्हें सुनने वाले मौजूद रहे थे। राजीव गांधी ने संबोधन के लिए रात 1.30 बजे माइक संभाला था। तब के चुनाव पूरी तरह से अलग होते थे। सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर होती थी। मंच पर संबंधित दल के साथ आम लोग भी लद जाते थे। भोपाल सेन्ट्रल लायब्रेरी चुनाव मंच का नजारा भी कुछ ऐसा ही रहा था।


संजीव श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

मप्र में द्वि दलीय चुनाव मुकाबले की प्रथा रही है। तब भी चुनावी मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था। उस दौरान न तो किसी प्रकार से शिकायत की जाती थी और न ही किसी तरह के आरोप लगते थे। लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय नेताओं पर ही प्रचार का जिम्मा रहता था। चुनाव भी पूरी शालीनता और बिना किसी भेदभाव के संपन्न हुआ करते थे। आपसी भाईचारा और मेल-मिलाप लोगों में बना रहता था।

## चाय पे चर्चा

⏩ राजीव गांधी नगर में अयोध्या बायपास स्थित नरवरिया टी स्टाल पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा में देश और प्रदेश के मुद्दों पर बहस

### कोई 400 पार पर अडिग तो कोई कह रहा इससे तो नीचे ही रहेगी भाजपा, फिर भी नतीजों पर छोड़ी बहस

लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं चाय की तरह गर्म होने लगी हैं। अब बात प्रधानमंत्री की है तो चाय की दुकान पर चाय पीने वाले अपने अपने अनुमान को भला एक दूसरे से साझा करने में पीछे कैसे रहे। राजीव गांधी नगर में अयोध्या पास स्थित नरवरिया टी स्टाल पर चार दोस्त आपस में चर्चा कर रहे थे। सभी को पता है कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा, लेकिन चर्चा सीट को लेकर होने लगी।

कुछ कांग्रेसी तो कुछ भाजपा का पक्ष लेते हुए नजर आए। इसी बीच शिवनाथ सिंह कहने लगे कि इस बार चार सौ पार है। इस पर अमरदास कहने लगे यह तो समय ही बताएगा कि किसे कितनी सीट मिलती हैं। इस



पर चैन सिंह लोधी कहने लगे कि कांग्रेस की सीट कम हैं और अब हालात देखकर लग रहा है कि और भी कम सीटों पर कांग्रेस को जीत मिलेगी। जगप्रवेश गुप्ता ने भी चार सौ पार की बात कही है। इसी प्रकार भगत जी कहने लगे कि चार सौ से नीचे ही भाजपा को सीट मिलेगी। वहीं गुप्ता ने कहा कि इस बार राम मंदिर की उपलब्धि जनता के बीच है, इसका पूरा फायदा भाजपा को जरूर मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि इसके पहले के काम भी जनता याद रखेगी और भाजपा के पक्ष में ही मतदान करेगी। इसके बाद चाय खत्म होते ही चर्चा भी खत्म हुई और सभी कहने लगे कि बहस से बेहतर है कि नतीजों का इंतजार किया जाए।

## जो हो न सका...

### शहर में बिखरा-बिखरा सा है कारोबार, 20 साल बाद भी नहीं बन पाई भोपाल में लोहा मंडी

भोपाल में लोहे का व्यापार चारों तरफ बिखरा बिखरा सा है। बीस साल पहले हुई घोषणा के बाद भी यहां लोहामंडी नहीं बन पाई, जबकि इसके लिए भूमि का भी आवंटन हो चुका है। तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के समय चली फाइल दिल्ली के कई चक्कर लगाने के बाद भोपाल में आकर अटक गई। शिवराज सिंह जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब भी विधानसभा में आश्वासन दिया गया था कि इसके लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। वहीं लोकसभा के हर चुनाव में इसको लेकर वादे और आश्वासन दिए गए, लेकिन लोहा मंडी नहीं बन पाई। राजधानी के एमपी नगर, जुमेराती, नीलबड़, होशंगाबाद रोड, लालघाटी, बैरागढ़, कबाड़खाना क्षेत्रों में लोहे की दुकानें संचालित हो रही हैं। लोहे का कारोबार बिखरा बिखरा सा है। प्रदेश के ही तीन शहरों इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर में व्यवस्थित लोहा मंडियां बन चुकी हैं। शहर के कई हिस्सों में बिखरी हुई लोहे की दुकानों को एक जगह लाने की कवायद पिछले 20 साल से चल रही है।

**कान्हासैया में तय हुई थी जगह**

वर्ष 2012 में कान्हासैया में लोहा मंडी के लिए जगह तय हुई थी। तब के कलेक्टर निशांत वरवड़े ने 350 दुकानों के लिए 100 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली थी। प्रस्ताव मुख्य सचिव को भी भेजा गया था। सरकार ने पहले भानपुरा खंती की जमीन को चुना। टीएंडसीपी ने 1 अक्टूबर 1996 को विदिशा-बैरसिया रोड के पास जमीन प्रस्तावित कर दी थी। वर्तमान मास्टर प्लान में लोहा मंडी केवल स्थानांतरित होना बताई गई है। बनी आज तक नहीं है।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान कर्तव्य, मैं तो वोट डालूंगी ही, औरों को भी प्रेरित करूंगी

मप्र सहित देशभर में लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ रहा है, जिसमें युवाओं की प्रमुख भूमिका है। युवा मतदाताओं की वजह से ही लोकतंत्र नए आयाम स्थापित कर रहा है। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। मैं पहली बार लोक सभा चुनाव में मतदान करूंगी। अब चुनाव आयोग की ओर से मतदान केंद्र भी पास बनाए जाते हैं। लोगों में जागरुकता आई है। मैं अपने साथियों के साथ-साथ समाज के अन्य वर्ग को भी मतदान के लिए प्रेरित करूंगी।



**रिंकी कुमारी**, युवा मतदाता

### जो भी पार्टी रोजगार उपलब्ध कराएगी..मैं वोट उसी को दूंगा

इस समय प्रदेश के युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है। इसलिए इस चुनाव में रोजगार का मुद्दा प्रभावी रहेगा। मतदान से पहल मैं सभी उम्मीदवार पार्टी के घोषणा पत्र को नजर रखूंगा। अभी कुछ पार्टियों ने घोषणा पत्र जारी किया है। अन्य पार्टी के घोषणा पत्र को भी देखूंगा। जो भी पार्टी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी। उसको ही वोट दूंगा। साथ ही जो कि प्रलोभन के बजाय काम के अवसर को ज्यादा महत्व देंगे। इसके अलावा शहर व प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे, उन्हीं को चुनूंगा।



**सारंग देव सिंह**, युवा मतदाता

## नक्सलियों ने लगाया आईईडी बम, जवानों ने किया निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जैसे जैसे चुनाव पास आ रहे हैं, वैसे वैसे नक्सलियों की गतिविधियां भी बढ़ गई है। उत्तर बस्तर कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र के गट्टाकाल के जंगलों में सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए आईडी बम को जवानों ने निष्क्रिय कर दिया है।

कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने बताया कि ग्राम गटाकाल थाना कोइलीबेडा के आसपास सुरक्षा बल



को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा आईईडी बम लगाने की सूचना मिली थी। बीएसएफ 30 वी बटालियन के बल और बीडीएस टीम द्वार एरिया को घेरा बंदी कर बारीकी से सर्च किया गया। मौके पर एक नग आईईडी बरामद हुआ।

## तीन दोस्तों ने मिलकर अपने ही दोस्त को पीट-पीटकर मार डाला

### मामूली बात पर विवाद, तीनों नाबालिग हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गणेशपुर में मामूली बात पर उपजे विवाद के बाद तीन दोस्तों ने मिलकर अपने ही दोस्त की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने तीनों नाबालिग छात्रों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम गणेशपुर गांव में शनिवार को चार नाबालिग छात्रों के बीच पुरानी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। तीन नाबालिग छात्रों ने अपने ही साथी राजकुमार टोप्पो 14 साल की बेदम पिटाई कर दी, जिससे छात्र के शरीर में अंदरूनी चोट आने की वजह से सोमवार को उसकी मौत हो गई।

## जिले में कई जगहों पर तेज हवा और गरज के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### तापमान में आई गिरावट, पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़

जिले में सोमवार की सुबह से ही दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। देर रात झमाझम बारिश होने लगी। वहीं सुबह से ही काली घटा छाई हुई है। वहीं जिले में कई जगहों पर तेज हवा और गरज के साथ कहीं-कहीं बारिश हुई। बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों को राहत मिली।

रात को झमाझम बारिश और सुबह काली घटा छाई हुई है। सोमवार आज सुबह रिमझिम बारिश हुई। पिछले दो दिनों से मौसम इसी तरह थोड़ा धूप फिर काली घटा। इस तरह से मौसम में परिवर्तन देखने को मिला।



वहीं मौसम का मिजाज बदलते ही लोग मजा ले रहे हैं। घर से निकाल कर आस-पास पिकनिक स्पॉट पर लोगों के भीड़ देखने को मिल रही है। पर्यटन स्थल सतरेंगा, देवपहरी, परसाखोला, रानी झरना, आस पास लोग पिकनिक स्पॉट पर नजर आ रहे हैं। सतरेंगा पिकनिक स्पॉट रविवार की सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ रही। वहीं सोमवार की सुबह भी मौसम बदलने के बाद लोग घूमने जाने के लिए निकल गए।

## सर्वे कराकर प्रत्येक किसान को सरकार के माध्यम से उनके हक का मुआवजा दिया जाए

**मुख्यमंत्री ने राजगढ़ के सारंगपुर में लोकसभा प्रत्याशी नागर के पक्ष में की चुनावी जनसभा**

*गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं का बराबरी से सम्मान का किया वादा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेरी जानकारी में आया है कि राजगढ़ जिले में असामयिक वर्षा हुई है, जिससे फसलों को नुकसान हुआ। हमने प्रमुख सचिव को निर्देश दिया है कि किसी भी किसान का नुकसान नहीं होना चाहिए। यदि किसी तरह का नुकसान हुआ है, तो उसका सर्वे कराकर प्रत्येक किसान को सरकार के माध्यम से उनके हक का मुआवजा दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को राजगढ़ जिले के सारंगपुर पहुंचे थे।

### सीएम ने 40 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सभी प्रदेश में मोदी जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सफाया हो गया था। भाजपा की सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं का बराबरी से सम्मान रखेगी।

हमारी सरकार संवेदनशील और पारदर्शी रहेगी। कोई भी व्यक्ति हो जिसने सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रेम भाव बांटा है उसका अपमान हम नहीं बर्दाश्त कर सकते। गरीबों के अपमान करने के लिए नहीं बनी।



**अधिकारी ने पूछी औकात, हमने तुरंत कार्रवाई की**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिले में ट्रक ड्राइवर के हड़ताल में एक अधिकारी ने ड्राइवर से कहा था तेरी औकात क्या है। सिंगरौली में एक अधिकारी, आगंनबाड़ी महिला बहन से जूते के फीते बंधवा रहा था। हमने कहा हमारी सरकार में यह नहीं चलेगा। हमारी सरकार गरीबों के अपमान करने के लिए नहीं बनी। हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन अधिकारियों को हटाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की।

**सीएम बोले- रोजगार के लिए राजगढ़ क्षेत्र में कारखाने भी खोले जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगढ़ के अंदर अगर मेडिकल एक्सीलेंस कॉलेज मिला है, तो भविष्य में कारखाने भी खोले जाएंगे। विभिन्न बांध बनाकर हमने जो खेती का रकबा बढ़ाया है ये नरेंद्र मोदी के कारण संभव हो सका है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि हम एयर एंबुलेंस की माध्यम से गरीब से गरीब आदमी को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का काम करेंगे। जल्द ही तीर्थ दर्शन सेवा में हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने वाले हैं, ऐसी कई सारी योजनाओं को हमारी सरकार ने लागू किया है। तीन नए विश्वविद्यालय हमारी सरकार ने चलाए, युवाओं की मार्कशीट को संभालने हमने डिजिलॉकर की व्यवस्था की है। 10 हजार भर्ती, पटवारी सहित अलग-अलग नियुक्तियां जो होनी थी एक दिन के अंदर सबको नियुक्ति पत्र देने का काम हमारी सरकार ने किया।

**गुड़ी पड़वा से पूरा साल गो-वंश के रूप में मनाया जाएगा**

डॉ. यादव ने कहा कि इस गुड़ी पड़वा से अगली गुड़ी पड़वा तक, पूरे साल को गौ-वंश के रूप में मनाया जाएगा। हम अपनी गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास मानते हैं। अगर कोई गौ माता घायल हो जाए तो उसे गौ एंबुलेंस से इलाज करवाया जाएगा। अब गौशाला अनुदान की राशि प्रति गाय 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है। जो गाय पाले वो गौ-पालक, चाहे वो किसी भी धर्म का हो। कई सारे मुस्लिम बंधु भी गाय पालते हैं, इसमें क्या गलत है। गाय भैंस पालन कोई अपराध नहीं है।

**शराब के लिए जमीन बेचने पर हुआ था विवाद**

## जमीन के विवाद पर बेटे ने की डंड़े से पीट-पीटकर पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम

नगर के कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में जमीन विवाद के कारण एक सगे बेटे ने अपने पिता को डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। कुकदूर थाना प्रभारी व्यासनारायण चुरेन्द्र ने बताया कि घटना 6 अप्रैल रात की है। आरोपी मनोज कुमार यादव द्वारा अपने पिता गोनाथ यादव उर्फ रामनाथ यादव को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

आरोपी का कहना था कि उसके पिता ने जमीन बेचकर शराब पीने में खर्च कर दिया। अब जो थोड़ा बहुत जमीन बचा है, उसको भी बेचकर शराब पीने में खर्च कर देगा। इसी विवाद के कारण आरोपी मनोज कुमार यादव ने उम्र 30 ने पिता गोनाथ यादव उर्फ रामनाथ यादव की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। मारपीट से लहूलूहान गोनाथ यादव उर्फ रामनाथ यादव को अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार यादव के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जबलपुर

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

- चैत्र मास शुक्ल पक्ष-1
- वर्ष : 18 अंक : 334
- पृष्ठ : 2+6+6=14 , मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम

अधि. 34
न्यून. 20

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







### सीएम डॉ. यादव का कांग्रेस पर बड़ा हमला-कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही

# अगर 'ढांचा वालों' से प्रेम है तो उन्हीं के साथ चले जाओ

डॉ. यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर के चुनावी दौरे पर रहे

मंडला में कांग्रेस प्रत्याशी का फोटो नहीं लगा रहे हैं, बल्कि भाजपा के प्रत्याशी का फोटो लगा रहे हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख गयारह हजार का चंदा दिया था। भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर चुनावी दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने ग्वालियर लोकसभा की विधानसभाओं में जनसभा, कार्यकर्ता सम्मेलन, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम व स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि पूरा देश नरेंद्र मोदी के नाम से मोदी-मय और भाजपा-मय हो चुका है।

यह सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भी लोकसभा के अंदर कह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के सामने नारा भी लगा चुके हैं कि अबकी बार 400 पार। मुख्यमंत्री ने इंदौर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। पहले खजुराहो में मिलीभगत से अपना प्रत्याशी छोड़ा। कांग्रेस को पता था की खजुराहो में उनकी हार निश्चित है। बाद में मिलीभगत से समाजवादी पार्टी ने भी अपना प्रत्याशी बदला। जब फॉर्म भरने का मौका आया तो आप सबको मालूम है। वही स्थिति फिर दोहरा रहे हैं। मंडला के अंदर उनके प्रत्याशी का फोटो नहीं लगा रहे हैं।



### मथुरा का जो आनंद आएगा, वह अभी बाकी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि आजादी के बाद भगवान श्रीराम का मंदिर तुरंत बनना चाहिए था। किंतु कांग्रेस के लोगों ने कदम-कदम पर अड़ंगे लगाएं। पहले कहते थे इनको मंदिर नहीं बनाना, ढांचा तोड़ना है। उन्होंने कहा कि इन्हें ढांचा वालों से प्रेम है। अगर ढांचा वालों से प्रेम है तो ढांचा वालों के साथ चले जाओ। हिंदुस्तान में तुम्हारी जगह कहां है? अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख गयारह हजार का चंदा दिया था। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो। उन्होंने कहा कि अभी भगवान श्रीराम का, बाबा महाकाल के महालोक का आनंद आया है, मथुरा का जो आनंद आएगा वह अभी बाकी है।

#### सिवनी के धनौरा और शहडोल में राहुल ने कहा

### गरीब महिलाओं और युवाओं को 1 लाख रुपए सालाना देगी कांग्रेस



**शहडोल ।** सिवनी के धनौरा और शहडोल में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां आदिवासी वर्ग के काफी लोग आए हैं, कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है और भाजपा आपको वनवासी कहती है। वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। जो आपका इतिहास है, आपकी भाषा है आपके जीने का तरीका है उसको ये लोग मिटाने की कोशिश करते हैं। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालो। आपको वहां एक आदिवासी नाम नहीं मिलेगा। चुनाव का समय है हमने अभी मेनिफेस्टो बनाया है। इसके तहत हर एक गरीब परिवार को उसमें से हम एक महिला को चुनेंगे और उस महिला के बैंक अकांउट में साल के एक लाख रू. हम डालेंगे।

- एक साल के अंदर आदिवासियों को अधिकार मिलेगा






### प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री



वन्दे वांच्छित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम् ॥







### खबर संक्षेप

#### मप्र में दूसरे चरण में 88 प्रत्याशी मैदान में

**भोपाल।** मप्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मैदान में कुल 88 प्रत्याशी 7 लोकसभा क्षेत्रों में मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के दिन कुल 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। टीकमगढ़ में 1, दमोह में 2, सतना में 1 और बैतूल मे 1 अभ्यर्थी ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए। टीकमगढ़ में 7 , दमोह में 14, खजुराहो में 14 अभ्यर्थी, सतना में 19, रीवा में 14, होशंगाबाद में 12 तथा बैतूल में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में बचे हैं।



#### राहुल के हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म, शहडोल में बिताई रात

**शहडोल।** राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर शहडोल में फ्यूल कम होने की वजह से उड़ान नहीं भर सका। समस्या को दूर करने के लिए जबलपुर से फ्यूल मंगाया गया है। तब तक राहुल को शहडोल के ही सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाधी ने रात 9 बजे के करीब 10 किमी.दूर एनएच 43 पर स्थित मदारी ढाबा पहुचकर खाना खाया। शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर राहुल रात शहडोल में ही बिताएंगे। मंगलवार की सुबह 6 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे।

#### कोस्ट गार्ड में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने महिला अफसर की फिर से सर्विस की 'बहाल'

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल किया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा। पहले महिलाएं फाइटर पायलट नहीं बन सकती थीं। अगर महिलाएं ऑपरेशन थिएटर या सुप्रीम कोर्ट बार में जा सकती हैं तो वो गहरे समंदर में भी जा सकती हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चेताया था कि या तो स्थायी कमीशन दीजिए वरना कोर्ट ये आदेश देगा।

इससे पहले अदालत में इस मामले पर 20 फरवरी को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैए पर सवाल उठाए थे। याचिकाकर्ता प्रियंका त्यागी ने खुद को कोस्ट गार्ड के ऑल विमेन क्रू का सदस्य बताया है, जो तटरक्षक बेड़े पर विमानों की देखभाल के लिए तैनात किया गया था।

#### सात आरोपी गिरफ्तार

## कोटा में मप्र की महिला से हुआ सामूहिक दुष्कर्म



- वारदात के वक्त पति मध्य प्रदेश में अपने पैतृक गांव में था

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में मध्य प्रदेश की महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का जघन्य मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रेलवे कॉलोनी इलाके में मध्य प्रदेश की 40 वर्षीय महिला के साथ 8 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज करके अगले दिन सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला घर लौट रही थी ।

### ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 3 की मौत

**सागर।** सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए जा रहे एक आटो रिक्शा को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें तीन सवारियों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। सागर के बांदरी क्षेत्र के ग्राम ढावरी के निवासी 17 श्रद्धालु ऑटो से सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान करने के लिए बरमान जा रहे थे। सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर स्थित देवरी के पास बीना तिगड्डे पर हादसा हो गया।

#### ईडी, सीबीआई, एनआईए के चीफ को पदों से हटाएं, टीएमसी की चुनाव आयोग से मांग

## आयोग के दफ्तर के बाद धरने पर बैठे 10 टीएमसी सांसद, पुलिस ने हिरासत में लिया

आयोग से मांग की जलपाईगुड़ी में तूफान पीड़ितों की मदद करने की इजाजत दी जाए


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच एजेंसियों और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के बीच पिछले कुछ महीनों में काफी विवाद हुआ है। इस बीच दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर टीएमसी के करीब दस सांसदों ने धरना दे दिया। इन सांसदों ने मांग थी कि ईडी, सीबीआई, एनआईए, जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के निदेशकों को बदला जाए।



**ये नेता मिलने गए थे**

चुनाव आयोग से मिलने गए टीएमसी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन से लेकर सांसद डोला सेन, सागरिका घोष, साकेत गोखले और शांतनु सेन शामिल रहे थे। टीएमसी नेता डोला सेन ने कहा है कि भाजपा केंद्रीयजांच एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है और विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसा रही है। टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मांग की है कि पश्चिम बंगाल सरकार को जलपाईगुड़ी में तूफान पीड़ितों की मदद करने की इजाजत दी जाए जिससे उनके टूटे घरों को बनाया जा सके और अन्य मदद की जा सके।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दहाड़े पीएम नरेंद्र मोदी

# हमने कांग्रेस की लूट वाली दुकानें बंद करवा दी, लाइसेंस भी रद्द कर दिए, अब दिल्ली से पूरा एक रुपया गांव तक पहुंचने लगा है

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानपुरी के छोटे आमाबाल में सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए।



एजेंसी ▶▶ रायपुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आमाबाल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के कई घपले घोटालों का जिक्र करते हुए तंज कसा और कहा कि अब कांग्रेस की लूट की दुकान बंद हो गई और लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

**ये मोदी की गारंटी है**

पहले दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ **15** पैसा ही गांव तक पहुंचता था

## पीएम ने कहा- भ्रष्टाचारी समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा



### जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा मैं चैन से नहीं बैठूंगा

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

### सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव स्थिरता और अस्थिरता के बीच का है। एक तरफ भाजपा और एनडीए हैं, जिसका लक्ष्य है भारत को विकसित देश बनाना है, जिसके लिए कड़े और बड़े फैसले लेने हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन है। यह एक ही मंत्र के साथ राजनीति करते हैं, जहां सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ।

### संजय सिंह को झटका, याचिका खारिज



शराब नीति मामले में जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि मामले में संजय सिंह की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज कर दी गई है। संजय सिंह ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर निचली अदालत में चल रहे मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी।



### आप का चुनावी कैंपेन लॉन्च

लोकसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने बिना अरविंद केजरीवाल के पहली बार चुनावी कैंपेन लॉन्च कर दिया है। पार्टी की ओर से एक पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर पर 'जेल का जवाब वोट से' का नारा दिया गया है। इस कैंपेन को आप संजय सिंह और पार्टी संगठन महामंत्री संदीप पाठक और प्रदेश संयोजक गोपाल राय और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लॉन्च किया है।

### चंद्रबाबू का वादा-जीते तो कम कीमत में दूंगा शराब

चुनाव में भाजपा और जसपा के साथ हाथ मिला चुकी टीडीपी के चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू




नायडू इस बार चुनाव में अनोखे वादे के साथ पहुंचे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से कम कीमत में अच्छी क्वालिटी वाली शराब का वादा किया है। कुप्पम में एक रैली के दौरान टीडीपी सुप्रीमो ने कहा कि यह हमारे छोटे भाइयों की मांग है कि शराब की कीमत कम की जाए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उनके बेटे ने छोड़ी भाजपा



हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद अब उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी सत्तारूढ़ भाजपा का साथ छोड़ दिया है और कांग्रेस का हाथ थामने का ऐलान कर दिया है। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान के बारे में निर्णय पार्टी आलाकमान लेगा।

### मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं: संजय दत्त



इंडस्ट्री से कई एक्टर्स जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले हैं। इसी बीच चर्चा थी कि बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त इस साल कांग्रेस की तरफ से हरियाणा के करनाल से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, सोमवार को एक्टर ने एक ट्वीट कर खबर को अफवाह करार दिया। संजय ने लिखा, मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि ना तो मैं किसी पार्टी में शामिल हो रहा हूं और ना ही चुनाव लड़ रहा हूं। अगर मैं किसी पार्टी को जॉइन करता हूं या फिर चुनाव लड़ता हूं तो आपको पहले बताऊंगा। इन सभी अफवाहों पर ध्यान ना दें।

### नेकां और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव




नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। कांग्रेस ने जम्मू की सीट पर रमण भल्ला और उधमपुर सीट पर चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में कई परीक्षा की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के 22 मार्च के उस आदेश पर रोक लगा दी है



जिसमें राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 5, 8, 9 और 11 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की इजाजत दी गई थी। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच कर्नाटक स्टेट को निर्देश दिए हैं कि वह परीक्षा पर रोक लगाए रखे और किसी भी कीमत पर छात्रों या पैरेंट्स को रिजल्ट के बारे में सूचित न करे।

### गो फर्स्ट को मिली एक और लाइफलाइन

**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल



कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। एयरलाइन ने हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल किए हैं।

### चुनाव आयोग ने बताया ईवीएम का सच

**नई दिल्ली।** साल 2019 में 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग



मशीन के जरिए हुए गलत मतगणना के दावे को ईसीआई ने फर्जी करार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग का कहना है कि कुल मतदाताओं और डाले गए मतों की संख्या में कोई बेमेल नहीं है। एक वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा था कि कई सीटों पर मत अलग है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने जजों के रवैए पर जताई चिंता और बोले

# ईमानदारी से कहूं तो...मामलों को लंबे समय तक रिजर्व रखते हैं जज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अपने अहम फैसलों के लिए जाने जाते हैं। वे अब तक कई बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीजेआई ने जजों द्वारा लंबे समय तक अदालती मामलों को रिजर्व रखे जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने दो टूक कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं। कोर्ट की सुनवाई और फैसलों पर रिपोर्ट करने वाली 'बार एंड बेंच' के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। मैंने सभी हाई कोर्ट को लिखा है। लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं और सूचीबद्ध कर रहे हैं। इसके अलावा, आंशिक सुनवाई भी कर रहे हैं।

> सीजेआई ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। ईमानदारी से कहूं तो लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं।

**खास बात**

- सीजेआई ने कहा मेरे-लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को

### संविधान के प्रति रहें वफादार



बता दें कि पिछले दिनों नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकीलों के लिए अहम संदेश दिया था। सीजेआई ने वकीलों से किसी राजनैतिक दल के लिए नहीं, बल्कि संविधान के प्रति वफादार रहने के लिए कहा था। सीजेआई ने कहा कि वकीलों को कोर्ट और भारतीय संविधान को अपने राजनीतिक झुकाव और विश्वास से ऊपर रखना चाहिए।

**लोगों का दिखता है लगाव**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए।

### हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आदेश सुनाते हुए आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हाई कोर्ट्स में यह चलन नहीं है। हम मानते हैं कि किसी भी मामले की पर्याप्त अवधि तक सुनवाई होने के बाद उसे इस स्तर पर जारी करने से देरी, दुर्दशा और वादकारियों की कानूनी फीस बढ़ जाती है। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने हाई कोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए कार्यवाही को फिर से सूचीबद्ध करने के लिए कहा है। हालांकि, बेंच ने यह भी कहा कि हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं।

हिंदू महासभा ने ज्ञापन देकर की मांग

# नवरात्रि में मंदिरों के आसपास न बिके... शराब और मांस

एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा में नौ दिन तक शराब और मांस की दुकानें बंद रखने के लिए अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने ज्ञापन दिया है।

सोमवार को जिला मुख्यालय पर महासभा के पदाधिकारियों ने मांग रखी कि नौ दिन दुकानें बंद रखी जाएं। अगर दुकानें बंद नहीं की गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। इसी को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा ने जिला मुख्यालय पर एसीएम फर्स्ट रतन वर्मा को ज्ञापन



दिया। मांग की कि मांस की दुकानें बंद रखी जाएं। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का कहना है कि स्लॉटर हाउस महीनों से बंद है। इसके बावजूद शहर की दुकानों पर लगातार मांस की सप्लाई हो रही है। प्रशासन को देखना होगा कि मांस कहां से आ रहा है।

### पीएम की टिप्पणी और द केरल स्टोरी के प्रसारण पर आपत्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि पार्टी नेता सलमान कुर्शीद, पवन खेड़ा, मुकुल वासनिक और गुरदीप सप्पल ने केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात की और छह शिकायतों पर बहस की। जिनमें से दो शिकायतें प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी मुस्लिम लीग संबंधी टिप्पणी के लिए थी। दूरदर्शन पर केरल स्टोरी दिखाने को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। साझा किए गए दस्तावेज़ों से, कांग्रेस ने शिकायत की है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र पर भारत को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।




# सहेली

चैत्र नवरात्र
विशेष



चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

## मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

### मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

### नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।

### मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं। a

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

**मां के** रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

## आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम

आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन



कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।

**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर :** आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। फुलटाइम जॉब न करें लेकिन कोई और इनकम सोर्स खोल सकती हैं।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे। a




नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

## व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन

नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की



उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं। a

प्रस्तुतिः निधि गोयल

नवरात्र स्पेशल रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

## साबूदाना पोटेटो पकोड़े



**सामग्रीः** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधिः** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें। a






## स्वामी रामदेव के 30वें सन्यास दिवस

# स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरि महाराज के श्रीमुख से होगी 'छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'

### रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को होगा 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर का लोकार्पण




हरिद्वार।

शक्ति व मर्यादा साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म व ऋषिधर्म के संवाहक परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर के लोकार्पण के दिव्य अनुष्ठान पर परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरि जी महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा ''छत्रपति शिवाजी महाराज कथा'' योगभवन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी जी महाराज व परम पूज्य आचार्यश्री के साथ-साथ राष्ट्र के शीर्ष संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा का शुभारम्भ कल दिनांक 9 अप्रैल, 2024 को प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक योगभवन ऑडिटोरियम, पतंजलि योगपीठ फेस-2, हरिद्वार में किया जायेगा। 10 से लेकर 17 अप्रैल तक कथा निरंतर सायं 4 से 7 बजे तक योगभवन में ही आयोजित की जायेगी।

## मुथूट फाइनेंस को टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता का प्रतिष्ठित खिताब

**नई दिल्ली।** मुथूट फाइनेंस को प्रतिष्ठित टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता के रूप में अपनी मान्यता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह समारोह 3 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में हुआ और द टाइम्स ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था। टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कॉरपोरेट्स, बिजनेस लीडर्स, उद्यमियों और पेशेवरों की उपलब्धियों का सम्मान करना और जश्न मनाना है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन नेताओं को मान्यता देता है जिन्होंने बीएफएसआई, सूचना प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, हेल्थकेयर, खुदरा, एफएमसीजी, शिक्षा, रियल एस्टेट, फैशन, मनोरंजन, आतिथ्य, सेवा, ई-कॉमर्स जैसे उद्योगों में अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभावशाली व्यक्ति, ऑटोमोबाइल, और भी बहुत कुछ उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित अभिनेता और उद्यमी प्रतिष्ठित व्यवसाय और मीडिया हस्तियों की उपस्थिति के बीच, सुनील शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया। शोजी पॉल, वरिष्ठ एजीएम - संसाधन विभाग, वैभव मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक विपणन ने कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा, "प्रतिष्ठित टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता के रूप में नामित होने की सम्मानित मान्यता प्राप्त करके हम वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह मान्यता न केवल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है बल्कि यह हमारे निवेशकों, ग्राहकों और हितधारकों द्वारा हम पर रखे गए भरोसे और भरोसे को भी रेखांकित करता है।

## टाइटन द्वारा सिरेमिक फ्यूजन स्वचालित घड़ियों के नए संग्रह का अनावरण

बेंगलुरु।




टाइटन ने अपने सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स कलेक्शन में नई घड़ियाँ पेश की हैं, जहाँ परिशुद्धता मौलिक रूप से नवीनता के साथ मिलता है। इस वर्ष ऑटोमैटिक्स पर विशेष ध्यान देने के साथ, यह कलेक्शन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है क्योंकि ब्रांड अपनी विशेषज्ञता की दो सबसे मजबूत लाइनों - सिरेमिक बिल्ड और इन-हाउस ऑटोमैटिक मूवमेंट को एक नए डिजाइन के मिश्रण को लॉन्च करने के लिए जोड़ता है। यह संग्रह न केवल शिल्प कौशल के प्रति टाइटन के समर्पण को प्रदर्शित करता है, बल्कि इन-हाउस स्वचालित कैलिबर के साथ सिरेमिक फ्यूजन भी पेश करता है। सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स वॉच संग्रह सिरेमिक की अनूठी विशेषताओं - टिकाऊपन, खरोंच प्रतिरोध, हल्के वजन का एहसास, हाइपोएलर्जेनिक गुण और रंग विकल्पों की एक श्रृंखला - को उनके मालिकाना स्वचालित आंदोलन के साथ मिश्रित करता है। 22 रत्नों के साथ इन-हाउस 7 ए 20-एस मूवमेंट की विशेषता वाला यह कैलिबर प्रभावशाली -10 सेकंड से +30 सेकंड/दिन की सटीकता और 36 घंटे के मजबूत पावर रिजर्व के साथ डिजाइन किया गया है। स्केलेटल डायल फेस जटिल स्वचालित मूवमेंट को खूबसूरती से प्रदर्शित करता है, जबकि डुअल-टोन सॉलिड लिंक स्टेनलेस स्टील और सिरेमिक ब्रेसलेट परिष्कृत सौंदर्यशास्त्र का प्रतीक है। यह संग्रह गुंबददार क्रिस्टल और अवतल डायल, चौकोर केस के विकल्पों के साथ, आधुनिक आकर्षण का स्पर्श पेश कर एक बहुमुखी घड़ी बनाता है जो स्वचालित निपुणता और ठाठ सिरेमिक आकर्षण का एक आदर्श संलयन, दिन-रात में आसानी के साथ परिवर्तित हो जाती है। उत्कृष्ट और विशिष्ट संग्रह की रुचि रखने वाले समझदार पुरुषों के लिए डिजाइन किया गया, इस संग्रह में प्रत्येक घड़ी सिर्फ एक विश्वसनीय सहायक उपकरण से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है।

## दीपक मेहरोत्रा बने आकाश के नये प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

**जबलपुर।** आकाश एज्युकेशनल सर्विसेस लिमिटेड (एईएसएल) परीक्षा की तैयारी से जुड़ी सेवायें प्रदान करने में अग्रणी है। इसने श्री दीपक मेहरोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। यह फैसला एईएसएल के लिये एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में लिया गया है, जब कंपनी ने लगातार नये-नये आविष्कार करना जारी रखा है और शैक्षणिक सेवाओं के प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में अपनी पेशकशों का दायरा बढ़ाया है। श्री दीपक मेहरोत्रा एक अनुभवी लीडर हैं, जिनके पास एफएमसीजी, टेलीकॉम और शिक्षा जैसे उद्योगों में एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है। कार्यकारी भूमिकाओं में 35 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखने वाले श्री दीपक अपने साथ ज्ञान एवं विशेषज्ञता का खजाना लेकर आए हैं, ताकि एईएसएल के सपने को आगे बढ़ाया जा सके और शिक्षा के क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

## रोचक खबरें

### अंतरिक्ष की घटना : पृथ्वी से टकराया ताकतवर सौर तूफान, कर सकता है रेडियो प्रसारण को बाधित




**वॉशिंगटन।** सूर्य से हर पल भयानक सौर तूफान निकलते रहते हैं। कई बार ऐसा होता है जब यह पृथ्वी से टकरा जाते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही तूफान पृथ्वी से टकराया। यह लगभग छह वर्षों में सबसे शक्तिशाली सौर तूफान है। इस कारण ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र में 'बड़ी गड़बड़ी' देखी गई। यह सौर तूफान इतना भयानक है कि अमेरिका के कोलोराडो में के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने भू-चुंबकीय तूफान वॉच जारी किया। स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि तूफान कमजोर हो रहा है, लेकिन फिर भी इसकी निगरानी होती रहेगी। पोस्ट में लिखा गया, 'जी-3 (मध्यम) भू-चुंबकीय तूफान वॉच प्रभाव में है। हालांकि स्थितियां कमजोर होने का संकेत दे रही हैं। जी3 वॉच यूटी दिवस के अंत तक सक्रिय रहेगा। इसके बाद तूफान का प्रभाव जी1 (मामूली) स्तर तक कम होने की उम्मीद है।' इसके अलावा सेंटर ने सौर ज्वाला विस्फोट से ग्रह पर रेडियो प्रसारण में रुकावट की वॉर्निंग दी। सौर तूफान के दौरान अरोरा देखने को मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा था कि इससे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर से जुड़े जोनाथन लैश ने बताया कि हाई तूफान रेडियो प्रसारण को बाधित कर सकते हैं। हाई फ्रीक्वेंसी रेडिया में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम भी आते हैं, जो विमानों से जुड़े रहते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अधिकांश वाणिज्यिक विमान सैटेलाइट ट्रांसमिशन को बैकअप के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ऐतिहासिक

### 1300 साल से बसी हुई बस्ती में दो हजार से ज्यादा घर

# अजूबा गांव, समुद्र के बीच तैरते घरों में रहते हैं इस बस्ती के लोग



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पानी में तैरती नावों पर बैठना किसे पसंद नहीं है? पानी में तैरती खूबसूरत नाव की सवारी हर कोई करना चाहता है। प्रत्येक व्यक्ति पानी में दो से चार घंटे बिता सकता है। लेकिन अगर किसी को हमेशा पानी में रहने को कहा जाए तो क्या होगा? निश्चय ही उसकी हालत खराब हो जाएगी। लेकिन चीन में एक पूरा गांव समुद्र के बीचों-बीच बसा हुआ है, वो भी तैरती हुई नाव पर। इन तैरते घरों की संख्या 2000 से भी ज्यादा है। दरअसल, चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के निंगडे शहर में हजारों लोगों की एक बस्ती पानी में तैर रही है। टांका बस्ती समुद्र तट पर स्थित विश्व का एकमात्र बसा हुआ स्थान है।

### 1300 साल से बसी है बस्ती

यह बस्ती कोई एक साल या दस साल पुरानी नहीं बल्कि 1300 साल से बसी हुई है। इस बस्ती में दो हजार से ज्यादा घर हैं, जिनमें करीब साढ़े आठ हजार लोग रहते हैं। इस गांव के लोग मछली पकड़ कर अपना जीवनयापन करते हैं। इस गांव के सभी लोगों का व्यवसाय मछली पकड़ना है। इन्हें टांके कहा जाता है। यहां के लोग समुद्र में मछली पकड़ने का काम करते हैं और उससे अपनी जीविका चलाते हैं। बता दें कि यहां रहने वाले लोगों ने पानी में तैरते हुए घर और लकड़ी के बड़े-बड़े प्लेटफार्म बनाए हैं। जहां उनके सामुदायिक कार्यक्रम होते हैं और बच्चे भी खेलते हैं।

### अब किया समुद्र तट पर घर बनाना शुरू

चीन में कम्युनिस्ट शासन आने के बाद ये लोग समुद्र तट पर आने लगे हैं। इससे पहले उनका जीवन पानी के बीच ही था। ये लोग तटीय लोगों के साथ विवाह भी नहीं करते थे। उनकी शादियां पानी में तैरती नावों में होती थीं। हालांकि, अब स्थानीय सरकार के प्रोत्साहन से इन लोगों ने समुद्र तट पर घर बनाना शुरू कर दिया है। लेकिन ज्यादातर लोग अपने पारंपरिक तैरते घरों में रहना पसंद कर रहे हैं।

### पानी में घर बनाने को मजबूर

कहा जाता है कि 700 ईस्वी में ये लोग शासकों के जुल्म से नाराज होकर यहां आकर बस गए थे। इन मछुआरों के पूर्वज 1300 साल पहले शासकों से परेशान होकर समुद्र में बस गए थे। तब से वह यहीं रह रहे हैं। बता दें कि चीन पर 700 ईस्वी में तांग राजवंश का शासन था। टांका समूह के लोग वहां के शासकों के अत्याचार से त्रस्त थे। जैसे-जैसे उत्पीड़न बढ़ता गया, इन लोगों ने समुद्र में ही रहने का फैसला किया। इसके बाद ये लोग समुद्र में अपनी नाव पर घर बनाकर रहने लगे। तब से ये लोग समुद्र में रहते हैं। तब से इन्हें 'जिप्सीज़ ऑन द सी' के नाम से जाना जाने लगा। इस जाति के लोग कभी-कभार ही जमीन पर आते हैं।

### समुद्र किनारे पति संग टहल रही थीं महिला, हाथ लगा प्राचीन खजाना

**लंदन।** इंग्लैंड के एक महिला ने करोड़ों साल से जमीन के अंदर दबा खजाना उस समय खोज निकाला, जब वे इंग्लैंड के एसेक्स इलाके में समंदर किनारे मौजूद एक गांव के पास टहल रही थीं। ये खजाना सोना या कोई कीमती धातु का दबा हुआ भंडार नहीं, बल्कि जमीन के अंदर दबा लाखों साल पुराना जीवाश्म था।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# बीएड मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में छग सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्राथमिक कक्षाओं में बीएड की जगह डीएलड शिक्षकों को नियुक्त किए जाने संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बाद शासन अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। छग की ही तरह राजस्थान हाईकोर्ट ने भी प्राथमिक कक्षाओं में बीएड के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्त करने आदेश दिया था। इसके विरोध में राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

- हाईकोर्ट ने प्राथमिक कक्षा में बीएड के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्त करने दिया है आदेश

छग सरकार अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है। राजस्थान तक तर्ज पर छग सरकार भी सुप्रीम कोर्ट का जा सकती है।

हाईकोर्ट ने बीएड शिक्षकों की नियुक्ति को नियमविरूद्ध बताते हुए 6 सप्ताह के भीतर डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षकों की चयन सूची जारी करने कहा है। यदि राजस्थान संबंधित केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 6 सप्ताह के भीतर नहीं आता है तो छग सरकार इसके पूर्व भी कोर्ट में याचिका दायर कर सकती है।

**पीड़ितों ने की मुलाकात :** इधर सैकड़ों की संख्या में बीएड शिक्षकों ने रविवार को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने बातया, लगभग 3500 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। एनसीटीई के गाइडलाइन के अनुसार बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद हेतु पात्र थे। शिक्षक भर्ती के नोटिफिकेशन में डीएलएड के साथ बीएड प्रशिक्षार्थी को पात्र माना गया था। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय महासचिव आयुष पिल्ले, प्रांतीय प्रचार सचिव गंगेस्वर सिंह उइके, सुखनंदन साहू सहित पदाधिकारी शामिल रहे।



### अन्य मामला न्यायालयाधीन

इससे संबंधित एक अन्य मामला सुप्रीम कोर्ट में है। हम उस पर फैसले की प्रतिक्षा कर रहे हैं।

- बृजमोहन अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री



### ब्रिज कोर्स का विकल्प

सहायक शिक्षकों ने ब्रिज कोर्स करवाकर उनकी नियुक्ति नियमित करने की मांग की है। इसके पूर्व भी सेवारत शिक्षकों को ब्रिजकोर्स करवाया जा चुका है। इस कोर्स के जरिए सेवारत निजी और शासकीय विद्यालयों में सेवारत ऐसे शिक्षक, जिनके पास बीएड अथवा डीएलएड कोई डिग्री नहीं थी, उन्हें डीएलएड का कोर्स ऑनलाइन मोड में करवाया गया था। शिक्षक संघ पुनः इस तरह का कोर्स करवाने तथा शिक्षकों की सेवाएं नियमित करने की मांग कर रहा है।


## आवश्यकता

आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाए ( जरुरतमंद लोग Whatsapp या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/14/अप्रैल/24)

## फायनेंस

फाइनेंस- समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704. (रायपुर/10/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


## शब्द पहेली - 5476



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली- 5475 का हल



## सूडोकु बवाल - 5487

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5486 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## कोलिन्स ने जीता चार्ल्सटन ओपन का खिताब



**चार्ल्सटन।** डेनियल कोलिन्स ने रविवार को यहां दारिया कसात्किना को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन के बाद चाल्टर्सटन ओपन टेनिस चैंपियनशिप का भी खिताब जीत लिया। कोलिन्स ने दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी कसात्किना को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कोलिन्स 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली खिलाड़ी हैं जिसने मियामी में हार्ड कोर्ट के बाद चार्ल्सटन में क्ले कोर्ट पर भी खिताब जीता हो। कोलिन्स ने यहां खिताबी जीत के दौरान छह मुकाबले में सिर्फ एक सेट गंवाया।

## शेल्टन बने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियन



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है और यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे और सिर्फ दो जीत दर्ज की थी।

## भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब




**सेन एंटोनियो।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा। भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

598 चौके

374 छक्के

# पंजाब और सनराइजर्स के बीच आज होगा रोमांचक मुकाबला

**दोनों टीमों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और गंवाए दो मैच**

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं।

सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है।




**सनराइजर्स हैदराबाद:** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारुकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

### पंजाब के पास भी बड़े हिटर

*शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद*

### गेंदबाजी चिंता का विषय

*दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैच में से सनराइजर्स ने तीन जबकि पंजाब ने दो जीते हैं जिससे दोनों टीमों के बीच एक और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।*

### खास खबर


## नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया




**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गार रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

## अमर और पुरुष टीम को एशिया ओशियाना 24 घंटे की अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** अमर सिंह देवांडा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और पुरुष टीम ने भी लगातार दूसरी बार आईएयू 24 घंटे की एशिया ओशियाना अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। चैंपियनशिप का आयोजन आस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुआ था। देवांडा ने 272.537 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार बेंगलुरु में भी स्वर्ण पदक जीता था। देवांडा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 किलोमीटर से तोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अनुसार भारत के उल्लास नारायणा तीसरे और सौरव रंजन चौथे स्थान पर रहे। भारतीय टीम ने 758.248 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। आस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में शशि मेहता व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रही। मेहता, मीनल कोटक और प्रीति लाला की भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही। आस्ट्रेलिया को स्वर्ण, न्यूजीलैंड को रजत और चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला।



### खबर संक्षेप



### अपेक्षाओं से दबाव महसूस नहीं करता

**लखनऊ।** कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है। इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया और उनकी जगह यश ने शानदार गेंदबाजी की।

### कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे कर रहे दरकिनार

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है।



## राष्ट्रीय शिविर में हॉकी इंडिया का अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राष्ट्रीय शिविर में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और फॉरवर्ड वंदना कटारिया जैसे सीनियर खिलाड़ियों को 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। कुछ नए चेहरों को भी जगह मिली है।

हॉकी इंडिया ने पहले शिविर के लिए 60 खिलाड़ियों को चुना था जिसमें से छह और सात अप्रैल को हुए चयन ट्रायल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद छंटनी की गई। भारतीय महिला हॉकी टीम 22 मई से होने वाले प्रो लीग मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से खेलने एंटवर्प और लंदन जाएगी।



### 33 सदस्यीय संभावित ग्रुप

**गोलकीपर :** सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो।
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति **मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना एल, वैष्णवी फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा
**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रूतुजा पिसाल।

### मई में होगी राष्ट्रमंडल खेल के नए मेजबान की घोषणा

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से हट गया था। सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।'

## लिवरपूल-मैनचेस्टर यूनाईटेड का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लिवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लिवरपूल को हार से बचा लिया।

### ब्रूक की जगह दिल्ली से जुड़े विलियम्स

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में हैरी ब्रूक के विकल्प के तौर पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम में शामिल किया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ब्रूक अपनी दादी के निधन के कारण टूर्नामेंट से हट गए थे। वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 30 साल के विलियम्स ने दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। वह 50 लाख रुपए के आधार मूल्य पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे।

### आज से शुरू होगा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# सिंधू और साथियों की पदक की राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶| निंगबो

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।

यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है।



### सेन के सामने युकी की कड़ी चुनौती

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है। लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है। सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे।

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा– आर.ए.सी.पी.सी. फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोनः 0761-2627217, 2624654

**चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहाँ है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस

ई- नीलामी की तिथि- 23.04.2024 समयः प्रातः 11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्र | ऋणी | चल सम्पत्ति (वाहन) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी– श्री राहुल धुर्वे पिता श्री सुखी सिंह धुर्वे पता– 131, गांधी चौक वार्ड, के.आर. 10, बजांग डिण्डौरी | निर्माताः MAH. & MAH., मॉडलः XUV500 BS6 रजिस्ट्रेशन नंः MP20CK4611, इंजन नं.: XDL4H16072 चेसिस नं.: MA1YU2XDUL6H10528 निर्माण वर्षः 08-2020, कलरः PEARL WHITE प्रोप. आईडी– 781297787690 | रू. 898000/- | रू. 89800/- |

वाहन निरीक्षण स्थल– भारतीय स्टेट बैंक, शाखा– आर.ए.सी.पी.सी., फर्स्ट फ्लोर, एम.बी.आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर

नियम व शर्तें– (1) विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) सम्पत्ति की बिक्री ''जहाँ है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिये जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय से संबंधित नियम और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp पर देखें। (5) इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई–डी व पासवर्ड स्वयं बनाना है जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई–डी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। (6) उपरोक्त निविदा सूचना में से सभी को अथवा किसी एक सम्पत्ति की निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। (7) यार्ड का खर्चा अलग से देय होगा।

नोट– यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांकः 09/04/2024 प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी, सिविल लाईन्स, जबलपुर

## ईवीएम पर सवाल खड़ा करने संबंधी चुनाव याचिका

# हाई कोर्ट ने भाजपा विधायक के निर्वाचन को चुनौती पर मांगा जवाब



**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम सीट से निर्वाचित भाजपा विधायक भगवान दास सबनानी के निर्वाचिन को चुनौती संबधी याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने इस सिलसिले में सबनानी सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

चुनाव याचिकाकर्ता कांग्रेस की टिकट पर पराजित प्रत्याशी पीसी शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा, वैभव दुबे व राजमणि मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विधानसभा चुनाव में ईवीएम की कार्यप्रणाली कठघरे में थी। याचिकाकर्ता 15 हजार 833 वोटों के अंतर से पराजित हुआ। उसका आरोप है कि निर्वाचन कार्य में संलग्न राज्य मशीनरी के अधिकारियों ने मतदान में प्रयुक्त ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़ की है। ईवीएम मशीनें किसी के अनाधिकृत हस्तक्षेपयुक्त पहुंच में थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि मतगणना के दौरान अधिकांश ईवीएम मशीनों में बैटरी 99 प्रतिशत चार्ज इंगित कर रही थीं। महज कुछ ईवीएम मशीनों में ही बैटरी का प्रतिशत 80 प्रतिशत से कम था और इन 80 प्रतिशत से कम बैटरी वाली ईवीएम में याचिकाकर्ता को अनावेदक से अधिक मत प्राप्त हुए थे। सम्पूर्ण मतगणना सीसीटीवी में दर्ज हुई। लेकिन फुटेज याचिकाकर्ता को प्रदान नहीं किए गए। इस प्रकार स्पष्ट है कि ईवीएम में छेड़छानी कर निर्वाचन व तात्विक रूप से प्रभावित किया गया है। लिहाजा, अनावेदक का निर्वाचन शून्य किए जाने योग्य है।

## हाईकोर्ट ने मप्र लोक सेवा आयोग से मांगा जवाब

# आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा में दी गई नियुक्तियों को चुनौती

**जबलपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा के तहत 87:13 के फार्मूले के तहत दी गई नियुक्तियों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मप्र लोक सेवा आयोग से इस संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 18 अप्रैल को महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को आवश्यक रूप से उपस्थित रहने कहा है।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी परीक्षा 2021 के रिजल्ट में विसंगति को लेकर सागर निवासी सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, भोपाल निवासी स्मिता पटेल, राजगढ़ के मनीष भंडारी व अन्य की ओर से याचिका दायर की गई है। सभी याचिकाकर्ता आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी 2021 में मेरिटोरियस अभ्यर्थी हैं। याचिकाकर्ताओं के मुख्य परीक्षा में अधिक प्राप्ताँक हैं, जिससे इनका चयन 87 फीसदी के मुख्य चयन सूची में किया गया। अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, रामेश्वर सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र शाह व रूप सिंह मरावी ने बताया कि साक्षात्कार के समय लोक सेवा आयोग द्वारा अवैधानिक रूप से याचिकाकर्ताओं से अभिवचन पत्र पर हस्ताक्षर करवाया गया। इससे इनका मेरिट के आधार पर चयनित होने का संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो गया और ये अधिकार आयोग को मिल गए। आयोग द्वारा उक्त अभ्यर्थियों के साथ साथ किसी भी अभ्यर्थीयों के अंक तथा मेरिट रैंक भी घोषित नहीं की है, जिससे समस्त भर्तियां संदेह के दायरे में हैं। उन्होंने बताया कि 87:13 के फॉर्मूले के चलते ये अभ्यर्थी मेरिट होने के बावजूद दावा नहीं कर पाएंगे।

## जिला बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह 10 अप्रैल को

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन के विजेता पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार, 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी, सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेश तिवारी व चुनाव समिति के अधिवक्ता तरुण रोहितास ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम आडिटोरियम में सायं पांच बजे से होगा। मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी होंगे। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी होंगे। अध्यक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी करेंगे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। जानकी बैंड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।




## आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# गोरखपुर तहसीलदार के दो बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाए



**जबलपुर।** लोकायुक्त की टीम ने गोरखपुर तहसीलदार कार्यालय में पदस्थ नामांतरण कराने के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया। इसमें मुख्य आरोपी के साथ सह आरोपी भी बनाया गया है। लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि आवेदक गढ़ा शास्त्रीनगर बाजनामठ निवासी सच्चिदानंद गिरी गोस्वामी ने अपने सास के प्लॉट का नामांतरण कराने के लिए गोरखपुर तहसीलदार कार्यालय में आवेदन किया था। सारी औपचारिकता पूरी करने के बाद नामांतरण के एवज में कार्यालय में पदस्त आरोपी सहायक ग्रेड 3 ऋषि पांडे और सह आरोपी अशोक रजक सहायक ग्रेड2 द्वारा 10 हजार रिश्वत की मांग की जा रही थी। आवेदक ने परेशान होकर लोकायुक्त में शिकायत की। शिकायत की तस्दीक करने के बाद लोकायुक्त की टीम में शामिल डीएसपी श्रीमती नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर श्रीमती मंजू किरण, इंस्पेक्टर स्वप्निल दास, इंस्पेक्टर कमल सिंह एवं 8 अन्य सदस्यों ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा जैसे ही आवेदक ने रिश्वत की रकम ली, वैसे ही टीम ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियो के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जिला बार के पराजित प्रत्याशियों को प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में पराजित हुए प्रत्याशियों की हौसला अफजाई के लिए सोमवार को प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। एमपी स्टेट बार कोंसिल के वाइस चेयरमैन व जिला बार के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता आरके सिंह सैनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव में अप्रत्याशित पराजय से प्रत्याशियों का मनोबल गिरा हुआ था। इस मनोवैज्ञानिक तथ्य को गंभीरता से लेते हुए बार के आजीवन सदस्य अधिवक्ता दीपक पचौरी ने प्रोत्साहन बैठक का प्रस्ताव रखा। जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसी के साथ पराजित प्रत्याशियों को सादर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि कोई भी प्रत्याशी अवसादग्रस्त न हो। उनके मन की दुविधा समाप्त हो जाए। आगामी चुनाव में वे पूर्ववत उत्साह से प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में किस्मत आजमाएं। सैनी व पचौरी ने बताया कि अपरिहार्य कारणवश जो पराजित प्रत्याशी सम्मान-समारोह में शामिल नहीं हो पाए, उनके प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र उनके प्रतिनिधियों को भेंट कर दिए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## एक बार फिर पटरी से उतरा मौसम का मिजाज

# शहर में गड़गड़ाहट के साथ बौछारें, गर्मी थमी

जबलपुर।

एक बार फिर मौसम के मिजाज पटरी से उतर गये। सोमवार की सुबह और शाम का नजारा देखकर लोग यह कह उठे कि यह क्या हो रहा है। गर्मी के मौसम में बारिश, अंधड़, तूफान, लोग मौसम के मिजाज पर आश्चर्य जता रहे थे। उधर मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोप) के कारण ऐसा हो रहा है। देश के पश्चिमी इलाकों में हो रही बारिश के बाद नमी भरी हवाओं ने पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना दिया है। यह लोप्रेशर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रहा है। लिहाजा बारिश और आंधी तूफान का माहौल बन गया। इसके बाद तापमान में गिरावट आई पिछले दिनों मौसम शुष्क रहने और बादलों के छाने और बारिश होने से उमस बढ़ गई है। फसलों और स्वास्थ्य के लिये मौसम नुकसानदायक साबित होगा, ऐसा मौसम विशेषज्ञों का मानना है।



### स्वास्थ्य के लिये प्रतिकूल है मौसम के मिजाज

यह मौसम मानव स्वास्थ्य के लिये प्रतिकूल बताया जा रहा है। ऐसे में हैजा, डायरिया, सर्दी, जुकाम, मलेरिया का प्रकोप बढ़ेगा। वहीं फसलों के लिये भी यह पानी नुकसानदायक है। गेहूं की चमक पहले ही उड़ चुकी है। दलहनी फसलों की बुवाई के बाद पानी उन पर भी पानी फेर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल और शिमला में हुई बर्फबारी के बाद पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से मौसम के तेवर बदले।

### ऐसा रहा मौसम का हाल

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 56 प्रतिशत और सायंकाल 49 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.54 बजे और सूर्यास्त शाम 6.29 बजे हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवायें 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।

### तेज हवाओं के साथ बौछारें

सोमवार की सुबह से मौसम शुष्क रहा और आसमान पर तेज धूप खिली रही। दोपहर 1 बजे मौसम ने अचानक करवट बदली। बीच-बीच में बादल छाये और तूफानी गति से हवाएं चली। और दोपहर में हल्की बारिश हुई। दोपहर बाद शाम 6 बजे से एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। आसमान पर बादल छाये और तेज बारिश होने लगी। कुछ देर बाद मौसम खुल गया और आसमान पर गुलाबी रंगत छा गयी। धूप से तपी धरती पर पानी की बूंदे पड़ते ही उमस का वातावरण बनने लगा। खुले वातावरण में शीतलता और बंद कमरों में उमस परेशान कर रही थी।

# महिला कर्मचारी को 26 वर्ष बाद मिला हाईकोर्ट से न्याय

**अर्जित अवकाश से जुड़ा मामला**

**जबलपुर।** अर्जित अवकाश से जुड़े एक मामले में महिला कर्मचारी को हाईकोर्ट से 26 वर्ष बाद न्याय मिला है। जस्टिस विवेक अग्रवाल ने यह आदेश दिए याचिकाकर्ता की 391 दिन की सेवा अवधि को विभाग किसी भी तरह की अवकाश में समाहित करे एवं अवकाश नहीं होने पर उसे एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लीव मानते हुए उसे सभी पारिणामिक लाभ दें। यह प्रक्रिया 30 दिन में पूरी करने के निर्देश दिए।

होशंगाबाद निवासी ऊषा विनोदिया की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में याचिकाकर्ता सहायक परियोजना अधिकारी के रूप में पदस्थ थीं और उन्होंने राज्य शासन के 1997 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके द्वारा 391 दिन की सेवा अवधि को अवैतनिक कर दिया गया था। याचिकाकर्ता को 1992 को पचमढ़ी से भीमपुर स्थानांतरित कर दिया गया था और उक्त आदेश में स्वयं के व्यय से लिखा था। मामला राज्य प्रशासनिक अधिकरण पहुंचा। अधिकरण ने उक्त आदेश को निरस्त कर दिया।

याचिकाकर्ता ने पूर्व पद पर ज्वाइनिंग दी तो 82 दिन की अवधि को अर्जित अवकाश माना और 28 अक्टूबर 1992 से 21 नवंबर 1993 की अवधि को अवैतनिक माना। इसी को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। दलील दी गई कि विभाग की गलती के लिए याचिकाकर्ता को प्रताड़ित नहीं किया जा सकता।

# अयोग्य अनुकम्पा नियुक्ति के मामले में लोकायुक्त ने तलब किया रिकार्ड

जबलपुर।

म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर द्वारा वर्ष 2012 के अपने कार्यकाल में आर.टी.ई के मापदण्डों का उल्लंघन करते हुए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) बी.एड/डी.एड समकक्ष की निर्धारित आर्हता न रखने वाले अयोग्य अभ्यर्थियों को शिक्षक पद पर भारी भ्रष्टाचार का अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। इसी प्रकार अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान में वर्ष 2021 में पुन दो अपात्र एवं अयोग्य औयर्थियों की अनुकम्पा नियुक्तियां प्राथमिक शिक्षक विज्ञान के पद पर कर दी गई। संघ ने कहा उक्त नियम विरूद्ध अयोग्य अभ्यर्थियों की अनुकम्पा नियुक्तियों की शिकायत मय प्रमाण एवं शपथ पत्र सहित संघ के पं. योगेन्द्र दुबे द्वारा लोकायुक्त भोपाल से की गई थी। जिसका संज्ञान लोकायुक्त कार्यालय म.प्र.भोपाल द्वारा लेकर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर से अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी समस्त रिकार्ड तलब किया गया है। संघ के योगेन्द्र दुबे ने लोकायुक्त म.प्र. से मांग की है कि नियम विरूद्ध अयोग्य अभ्यर्थियों की अनुकम्पा नियुक्ति देकर भ्रष्टाचार करने तथा शासन को करोडों का चूना लगाने वाले जिला शिक्षा अधिकारी धनश्याम सोनी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाये।

## लोकसभा चुनाव : मतदान दलों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने नियुक्त किये गये मतदान कर्मियों का दूसरे और अंतिम चरण का प्रशिक्षण आज सोमवार से पीएसएम कॉलेज और मॉडल हाई स्कूल में प्रारंभ हुआ। तीन सत्रों में आयोजित किये जा रहे इस प्रशिक्षण में मतदान दलों में नियुक्त कर्मियों को मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी प्रशिक्षण में दी गई।

## निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

# इलेक्शन को लेकर अलर्ट मोड में रहें अधिकारी : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, पुलिस अधीक्षक और एडीएम सहित सभी एसडीएम व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्वाचन तैयारियों में 1 मार्च से 16 मार्च और 16 मार्च से अभी तक की गई समस्त कार्यवाहियों पर चर्चा करते हुये निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने निर्देश दिये और सभी अधिकारियों से कहा कि सभी इलेक्शन को लेकर अलर्ट मोड में रहें। दैनिक जब्तियों, एमसीसी के उल्लंघन, सी विजिल, पेड न्यूज, व्यय निगरानी सेल आदि की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि मतदान केन्द्र पर किसी को मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग के



निर्देशानुसार सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पहले मतदान केंद्र पर मतदाता पर्ची के साथ अपनी पहचान के लिए फोटो पहचान पत्र (ईपिक) प्रस्तुत करना होगा। वे मतदाता, जो फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी शामिल है, में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि 4 अप्रैल को अभ्यर्थियों को व्यय लेखा प्रस्तुत करने को कहा गया था और जिन अभ्यर्थियों द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है वे 12 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी व्यय लेखा प्रस्तुत कर सकते हैं।

**लोकसभा चुनाव**

# प्रचार अभियान में प्लास्टिक से बनी सामग्री का इस्तेमाल न करें

जबलपुर।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव अभियान में पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिंगल-यूज-प्लास्टिक और पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी प्रचार सामग्री का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। निर्वाचन आयोग ने इस बारे में सभी राजनैतिक दलों से कहा है कि अपने चुनाव प्रचार अभियान को पर्यावरण के अनुकूल बनायें। उन्हें प्रचार सामग्री में सिंगल-यूज-प्लास्टिक और पीवीसी का उपयोग न करने के लिए पर्याप्त उपाय अपनाने एवं कदम उठाने चाहिए।

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र शासन के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्वाचनों के दौरान प्रचार सामग्री में सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प का उपयोग करने के प्रयास करने तथा पार्टियों एवं उम्मीदवारों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की दी गई राय का उल्लेख भी किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्लास्टिक से बने पोस्टर, बैनर, कट-आउट्स, होर्डिंग्स एवं अन्य प्रकार की प्रचार अभियान सामग्री को निर्वाचन के बाद फेंक दिया जाता है। इस तरह के सिंगल-यूज-प्लास्टिक अथवा पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) के कचरे को एकत्र नहीं किया जाता है और ये अपशिष्ट बन जाती है। इससे भू एवं जल प्रदूषण फैलता है साथ ही खुली हवा में इन्हें जलाने से विषाक्त उत्सर्जन पैदा होता है जिससे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को प्लास्टिक से बनी प्रचार सामग्री के इस्तेमाल से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के साथ-साथ प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कम्पोस्टेबल प्लास्टिक, प्राकृतिक फैब्रिक और पुर्ननवीनीकृत कागज की बनी प्रचार सामग्री का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। आयोग ने इस संबंध में पूर्व में जारी एक अपने निर्देश का उल्लेख करते हुए कहा है कि प्लास्टिक या पीवीसी से बनी सामग्री के निपटान के लिए स्थानीय निकायों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर आने वाली लागत चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल से वसूल की जायेगी।

## प्रतिकर राशि भुगतान न करने पर होगा तीन माह का कारावास

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सीताशरण यादव की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में सख्त आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत निर्देश दिया कि प्रतिकर राशि 77 हजार रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान की जाए। ऐसा न किए जाने पर तीन माह का कारावास होगा। परिवादी कटंगा क्रासिंग, गोरखपुर, जबलपुर निवासी जेसी चौपड़ा, रूपेश रजक की ओर से अधिवक्ता सतपाल जायसवाल, मौसम पासी व पलाश नारद ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ग्राम डोभी, थाना शहपुरा, जिला डिंडौरी निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने परिवादियों की नाकोडा आटो फायनेंस को चेक जारी किया था। चेक बैंक में जमा करने पर खाते में अपर्याप्त राशि होने के आधार पर अनादृत हो गया। लिहाजा, अधिवक्ता के जरिये लीगल नोटिस भेज गया। जिसका कोई असर नहीं हुआ। इसीलिए परिवाद के जरिये अदालत आना पड़ा। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर प्रतिकर राशि ब्याज सहित भुगतान करने या फिर तीन माह की जेल का सख्त आदेश पारित कर दिया।



## अवैध पत्थर खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में उपसंचालक खनिज के मार्गदर्शन में खनिज अमले द्वारा आज दोपहर प्राप्त सूचना पर ग्राम मड़ई (अमझर) में खनिज मुरूम एवम पत्थर के अवैध खनन में संलिप्त चैन माउंटेड पोकलेन मशीन को जब्त कर थाना खमरिया की अभिरक्षा में रखवाया गया। उत्खनकर्ता के विरुद्ध कलेक्टर न्यायालय में अवैध खनन का प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किया जावेगा। कार्यवाही में सहायक खनि अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा, खनि निरीक्षक राकेश देशमुख, खनि निरीक्षक शिवपाल सिंह चौधरी, खनि सर्वेयर विजय कुमार चक्रवर्ती मय खनिज अमला उपस्थिति रहे।

## ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों का दूसरा रेण्डमाइजेशन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जबलपुर संसदीय निर्वाचन में मतदान कराने इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों का दूसरा रेण्डमाइजेशन मंगलवार 9 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 83 स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में होगा। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों के दूसरे रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया आयोग के सामान्य प्रेक्षक प्रांजल यादव, रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की मौजूदगी में की जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार दूसरे रेण्डमाइजेशन में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को मतदान केन्द्र आवंटित किये जायेंगे तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक कंट्रोल यूनिट, दो बैलट यूनिट एवं एक व्हीव्हीपेट मशीन का सेट तैयार किया जायेगा। इस दौरान जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकरी भी मौजूद रहेंगे।

## .. तो और ज्यादा लोग देख पाते अपने लोकप्रिय नेता को

# रोड शो मार्ग पहुंचने में लोगों को आई दिक्कत

जबलपुर।

प्रधानमंत्री के रोड शो ने जहां भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया है। वहीं रोड शो के मार्ग और व्यवस्थाओं पर भाजपा के अंदर खानों में सवाल भी उठ रहे हैं। नेता कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर मुखर होकर कहते नजर आ रहे हैं कि मार्ग चुनने में ध्यान दिया जाता तो पीएम का रोड शो और ऐतिहासिक हो जाता, जो दशकों याद रखा जाता। एक वर्ग का कहना है कि रोड शो का सबसे अच्छा मार्ग कलेक्ट्रेट, घंटाघर, करमचंद चौक, मालवीय चौक तीन पत्ती होते हुये छोटी लाईन फाटक में समाप्त करने का था। जो सुरक्षा मापदंडों पर भी फिट बैठता और शहर के बीच में भी होता। तीन विधानसभाएं कवर होती और बड़ी संख्या में आमजन अपने चहेते नेता को देख पाते। लेकिन रोड शो शहर से दूर किया गया, जहां रहवासी क्षेत्र नहीं था, बाजार थे और बाजार भी बंद थे। जो खाली जगह थी वहां मंच भर दिये गये। जो शहरवासी देखने पहुंचे वो भी रोड शो तक नहीं पहुंच सके। जिसके चलते पीएम को देखने की चाह रखने वाले मायूस होकर लौट गये। लोगों का कहना है कि भीड़ नहीं होने की मुख्य वजह गलत रूट और लोगों को रोड शो तक पहुंचने में आई दिक्कत है। यदि सही रूट चुना जाता तो उसकी सफलता जबलपुर के इतिहास में दर्ज होती। क्योंकि पार्टी और विचारधारा से आगे बढ़कर पीएम मोदी की लोकप्रियता हर खास ओ आम में है।

### आमजन पहुंच ही नहीं पाए

वहीं दूसरी तरफ ट्रैफिक मैनेजमेंट के नाम पर हर वो रास्ते बंद कर दिये गये, जो रोड शो मार्ग तक आते थे। फिर भी जो लोग लम्बा पैदल चलकर रोड शो मार्ग तक पहुंचे, उनको भी जगह नहीं मिली। बैरीकेडिंग के बाद जो खाली जगह थी, वहां मंच भर दिये गये। लोग मायूस होकर लौटने को मजबूर रहे।

### भर भरा कर गिरे मंच

इतने आनन फानन में मंच लगवाए गये कि मंच बनाने वालों को भी 1 दो घंटे मिले। वहीं मंच और मार्ग के बीच जगह नहीं दी गई। छोटे से मार्ग पर इतने अधिक मंच लगवा दिये गये कि आमजन के खड़े होने तक की जगह नहीं बची। जिसके नतीजे में लोग अपने लोकप्रिय नेता को एक झलक पाने के लिये मंच पर चढ़े और मंच भरभरा कर गिरना शुरु हो गये।

### घायल से मिलने पहुंचे मंत्री

सोमवार रैली मार्ग पर तीन मंच टूट गए। मंच टूटने से दर्जनों लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। घटना तीन-चार लोगों को फ्रेक्चर हुए हैं, बाकी को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक इलाज देकर रवाना कर दिया गया। अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने केबिनेट मंत्री राकेश सिंह पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों को समुचित इलाज के निर्देश दिये।

### नहीं हटे बैरीकेड, लगा रहा जाम

मोदी के रोड शो के पहले प्रशासन और भाजपा संगठन जितना चुस्त और दुरुस्त था उनके जाने के बाद उतना ही ढीला दिखाई पड़ा। रात को रोड शो वाले मार्ग से मंच तो हटा दिए,लेकिन टेबलें वहीं रख दीं। जनता के खड़े होने के लिए जो बेरिकेडिंग करने साथ रैलिंग लगाई गई थी, उसे सोमवार सुबह तक नहीं हटाया गया। जिसके चलते सोमवार को भी दुकानदारों का दुकान खोलने दूभर हो गया। वहीं राहगीर भी परेशान रहे। जगह जगह शाम तक जाम की स्थिति रही।

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बड़ा कारण

# शासकीय स्कूलों के प्रति बढ़ी अभिभावकों की रुचि

**सिहोरा।** किसी जमाने में केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभिभावकों में रुचि रहती थी।क्योंकि यहां अंग्रेजी में पढ़ाई के साथ शिक्षा शुल्क भी बहुत कम लगता था। प्रदेश सरकार की सी एम राइज विद्यालय योजना से कम खर्च में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा अर्जित करने का मार्ग तो प्रशस्त हुआ लेकिन उक्त विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन प्रारंभ ना होने के कारण अभिभावकों को निजी स्कूल संचालकों की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है।शासन की मंशा सी एम राइज विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर सर्व सुविधा युक्त शिक्षा परिसर बनाने की थी ।जिसके चलते इन दिनों अब राज्य सरकार के सी एम राइज स्कूलों को लेकर अभिभावकों का क्रेज बढ़ा हुआ है। बड़ी संख्या में अभिभावक इन स्कूलों में बच्चों के दाखिले को लेकर दौड़ में रहते है। लॉटरी प्रवेश प्रक्रिया के बावजूद भी बड़े-बड़े नेताओं व अफसरों के फोन तक शिक्षा विभाग को यहां एडमिशन कराने को लेकर आते हैं। कक्षाओं में निर्धारित सीटों से दो से तीन गुने तक प्रवेश के लिए बच्चों के आवेदन प्राप्त होते हैं। प्रत्येक कक्षाओं के लिए सेक्शन तक बनते हैं। सी एम राइज विद्यालय में प्रवेश के यह हालात तब है जबकि इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की शुरुआत नहीं हुई है। यदि सी एम राइज विद्यालय में समय रहते अंग्रेजी माध्यम शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जाए तो निजी विद्यालय की मनमानी पर स्वयं अंकुश लग जाएगा।





### दिनों दिन बढ़ रहा शासकीय स्कूलों का क्रेज

शासकीय विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा कराए जाने वाला अध्यापन कार्य सहित शासन की अनेक योजनाओं से लाभान्वित होने के कारण शासकीय विद्यालय का क्रेज नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में दिन प्रतिदिन इंग्लिश मीडियम स्कुलोंका क्रेज बढ़ता जा रहा है।लेकिन शासकीय विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम उपलब्ध न होने के कारण अभिभावकों को मजबूरी बस निजी स्कूल संचालकों की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है।

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस से परेशान अभिभावक

शहर के निजी स्कूलों में मनमानी फीस से कई अभिभावक परेशान रहते है। मनमानी फीस वसूलने के बावजूद भी निजी स्कूल संचालक अप्रशिक्षित के साथ-साथ हिंदी माध्यम के शिक्षकों से अंग्रेजी माध्यम का अध्यापन कार्य कराकर अभिभावकों को खुलेआम लूट रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों के लिए सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल वरदान साबित हो सकता है। जबकि आगामी समय में राज्य सरकार इंग्लिश मीडियम स्कूलों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है।

# चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर होंगे अनेक कार्यक्रम



**सिहोरा।** आज से प्रारम्भ हो रहे आदिशक्ति जगन जननी की पूजा उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र के प्रारम्भ होने पर जहाँ देवी मठो मंदिरों में भक्तों का तांता लगेगा वहीं चैत्र नवरात्र की आज बैठकी पर कंकाली मोहल्ला स्थित कंकाली मंदिर,दुर्गा मंदिर,ब्राह्मणपुरा स्थित बूढी माई,ज्वालामुखी में मां ज्वाला देवी,खितौला उमरिया पान मार्ग पर स्थित पर्वत वासनी खेर मां,माता देवालय खडरा सहित अनेक देवी मठो,देवालयों,मंदिरों में पूरे विधी विधान से घट जवारे की स्थापना के साथ नौ दिनो तक धार्मिक आयोजनो की धूम रहेगी तथा नौ दिनो तक माता का विशेष श्रंगार भी किया जायेगा। सभी दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही माता को जल अर्पण करने श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लग जायेगी सभी देवी मठो का अपना अपना महत्व है जहाँ जाकर भक्त नतमस्तक होते है।नवरात्र में सभी घरो में भक्तों के द्वारा माता की अखंड ज्योति की स्थापना के साथ उपवास रखा जायेगा ।

### नववर्ष के आगाज पर आतिशबाजी

हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सृष्टि के प्रारम्भ के दिन पर आज 9 अप्रेल मंगलवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये है जिसमें आज जहां घरो दुकानों में भगवा ध्वज लगाये जायेगें तो वही जगह जगह रंगोली के अलावा तोडन द्वार सजाने के साथ ही घी के दीपक जलाये जायेंगे तथा सभी लोग एकत्र होकर पूरे उत्साह के साथ नववर्ष मनायेगें । हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर सोमवार को पुराना बस स्टेंड सहित सिहोरा खितौला में सभी मोहल्लों, तिराहों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानो पर एक साथ तय समय पर जमकर आतिशबाजी कर एक दुसरे को तिलक लगाकर बधाई दी गई ।

### स्थापित होगी माता की प्रतिमा

शारदेय नवरात्र की तरह चैत्र नवरात्र पर भी अब जगह जगह मातारानी की प्रतिमा स्थापित होने लगी है । इसी क्रम में आज शिवमंदिर बाबाताल में माता महाकाली सहित नगर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर माता की स्थापना की जायेगी।

### आगामी दो महीने में कार्य पूर्ण करने का निर्देश

# क्रेशर बस्ती में निर्माणाधीन गार्वेज ट्रान्सफर स्टेशन का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा जमीनी निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का ताबड़तोड़ निरीक्षण किया। इसी क्रम में रानीताल संभाग क्रमांक 5 एवं क्रेशर बस्ती संभाग क्रमांक 01 के अंतर्गत निर्माणधीन गार्वेज ट्रान्सफर स्टेशन का जायजा भी लिया। इस मौके पर उन्होंने बताया की यह ट्रान्सफर स्टेशन सम्पूर्ण मशीनीकृत बनाये जा रहे इन गार्वेज ट्रान्सफर स्टेशन में संभाग क्र. 5, 13, 2, 14 एवं 1 के सभी वार्डों का कचरा छोटी गाड़ियों से यहाँ पर आएगा और बड़े कंटेनर से एकत्र होकर वे ब्रिज में तौल के बाद वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में पंहुचा दिया जायेगा। इनके निर्माण से सभी वार्डों के कचरा कलेक्शन में सहूलियत होगी अभी वर्तमान में रोड के किनारे कोम्पक्टेर को खड़ा कर कचरा एकत्रित किया जाता है, जिससे रोड के किनारे गंदगी फ़ैल जाती है अब निर्माणधीन गार्वेज ट्रान्सफर स्टेशन के बनने से यह नहीं होगा। निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा स्थल पर निर्माण करा रहे ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता के साथ आगामी दो महीने में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर स्वच्छता सेल प्रभारी भूपेंद्र सिंह, सहायक यंत्री अनिकेत गौरैया, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के आर सोलंकी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।



### राई एवं फागों के साथ फूलों की होली ने सभी का मन मोह लिया

# पत्रकारिता सम्मान एवं होली मिलन समारोह आयोजित

**पाटन।** श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जबलपुर जिले का पत्रकारिता सम्मान एवं होली मिलन समारोह गरिमामय तरीके से संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय संयोजक नलिंकान्त वाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, राजेश विश्वकर्मा प्रदेश संघठन सचिव, राजीव उपाध्याय संभागीय अध्यक्ष, चंद्रशेखर शर्मा संभागीय महासचिव, रविन्द्र शर्मा जिला अध्यक्ष, शिव तिवारी, उत्पलकांत शर्मा, सुरेश कामले, शिव चौरसिया ने माँ सरस्वती का पूजन पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात नगर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय भूपेंद्र सिंह,स्वर्गीय शेखर खत्री, स्वर्गीय सचिन जैन के परिवार के लोगों को सम्मानित किया गया इसके पश्चात नगर के राहुल जैन को जिला उपाध्यक्ष एवं राजेन्द्र सिंह को तहसील अध्यक्ष बनने की घोषणा की गई। इसके पश्चात समाज के विभिन्न विधाओं में योगदान देने पर पंडित विश्वनाथ बबेले, हरिमिलन पचोरी, आचार्य जगेंद्र सिंह, एड रघुवीर सिंह, नंदकिशोर पटेल, संजय सिंह,सचिन गुरु,डॉ चिंतन बबेले,रवि ठाकुर, अंशुल साहू,रामनारायण सिंह,पुनीत अग्रवाल, जितेंद्र चंद्रवंशी,रामराज्य यादव इसके साथ- साथ शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने पर प्राचार्य सी एस ठाकुर तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का सम्मान जबलपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष यतीश अग्रवाल ने किया।इस अवसर पर पाटन, शहपुरा, बरगी, कटंगी, मझौली, बेलखाडू ,इन्द्रना, पनागर, सिहोरा से आये वरिष्ठ और युवा पत्रकारों का अतिथियों ने शाल,श्रीफल ,सम्मान पत्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत मे राई ,फागों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया इस अवसर पर जो गुलाब,टेसू और गेंदा के फूलों से सभी ने एक दूसरे पर फूल बरसाकर होली का लुत्फ उठाया गायकों की एवं आयोजको की सभी ने प्रशंसा की।






# केंद्रीय जेल में प्रिजन हैप्पीनेस कार्यक्रम

**जबलपुर।** जेल में बंदियों को तनाव मुव्त रहने की कला सिखाने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा केंद्रीय जेल जबलपुर में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक सात दिवसीय "प्रिजन हैप्पीनेस' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंदियों को सकारात्मकता की ओर अग्रसर करने हेतु जेल के विभिन्न हिस्सों में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 1 सौ 41 बंदियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि जेल मुख्यालय के निर्देशों पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष में प्रतिमाह 7 दिनों के लिए आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग की अरूणा सरीन, रानु उपाध्याय, सुनीला पवार, ममता गोखले, श्री विजय चक्रवर्ती, मृत्युंजय पाण्डेय, मयंक खत्री एवं बृह्मानंद पाण्डेय द्वारा बंदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# अतिरिक्त बैलट यूनिटों का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदान के लिए आवश्यक ईव्हीएम की अतिरिक्त बैलट यूनिटों का पहले चरण का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उम्मीदवारों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। अतिरिक्त बैलट यूनिटों के प्रथम चरण के सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 83 स्थित एमआईसी के वीडियो कार्फ्रेसिंग कक्ष में निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर ईएमएस 2.0 से कराई गई। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में अतिरिक्त बैलट यूनिटों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित कर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को सौंपा गया। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया एमआईसी प्रभारी आशीष शुक्ला ने संपन्न कराई। सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन की इस प्रक्रिया में 2139 मतदान केन्द्राW के लिए 20 प्रतिशत रिजर्व सहित 2 हजार 577 बैलट यूनिट को विधानसभावार आवंटित किया गया। इसी प्रकार सहायक मतदान केन्द्रों के लिए 9 कंट्रोल यूनिट एवं 10 वीवीपेट मशीनों के प्रथम रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

# दो पक्षों में मारपीट, 4 घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम भलहाई इमलई में गालीगलौज के विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर लाठी व हसिया से हमला कर दिया। मारपीट की इस वारदात में चार लोग घायल हो गए। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भलहाई इमलई निवासी 23 वर्षीय दर्जी कृष्णकुमार नामदेव की पत्नी आरती नामदेव से गत रात लगभग 9.30 बजे बेड़ीलाल नामदेव और उसकी पत्नी सरस्वती नामदेव मोबाइल पर गालीगलौज देने की बात पर से लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। कृष्णकुमार ने झगड़ा रोकने और गालियां देने से मना किया तो, सरस्वती नामदेव ने उसकी पत्नी आरती पर लाठी से हमला कर दिया और बेड़ीलाल उसके घर के अंदर घुसकर हसिया से माथे व गाल पर हमला कर दिया। उसका लड़का बीच बचाव करने आया तो उसे भी धक्का दे दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष भलहाई इमलई निवासी 31 वर्षीय श्रीमती सरस्वती नामदेव का पति बेड़ीलाल गत रात लगभग 9.30 बजे मोबाइल पर अपनी बहन से बात कर रहा था। उसी समय मौसी सास का लड़का कृष्णकुमार नामदेव आया और गालीगलौज करने लगा, उसके पति बेड़ीलाल ने गाली देने से मना किया तो कृष्णकुमार नामदेव ने किसी चीज से हमला कर हाथ की अंगुली में चोट पहुंचा दी। सरस्वती और उसकी देवरानी सरिता ने बीच बचाव किया तो कृष्णकुमार जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कृष्णकुमार की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 452, 506, 34 एवं श्रीमति सरस्वती नामदेव की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# 2 सड़क दुर्घटनाओं में 5 लोग घायल

**जबलपुर।** मझौली और पनागर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो हादसे सामने आए है। इस सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार काकरदेही पिपरिया निवासी 28 वर्षीय शुभम जायसवाल गत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एनआर 0412 से अपनी बुआ आशा गुप्ता एवं पड़ोसी कालू के साथ जबलपुर मेडीकल अस्पताल गए थे। जहां से घर आते समय रात लगभग 11.30 बजे जैसे ही हनुमान मंदिर के सामने इंद्राना रोड मझौली पहुंचे, तभी पीछे से आ रही बाईक क्रमांक एमपी 20 एनजे 7679 के चालक ने शुभम की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने वाला बाईक चालक रुका और इलाज कराने के लिए कहा तथा कुछ देर बात अपनी बाईक से भाग गया। इसी तरह पनागर छत्तरपुर निवासी 35 वर्षीय हलवाई रंजीत सिंह आरे गत रात लगभग 8.15 बजे बुढ़ागर से अपनी बाईक में और दूसरी बाईक में उसका भाई अमरजीत और आराधना पनागर आ रहे थे। पुलिया के पास एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एन डब्लयू 1034 के चालक ने रंजीत सिंह की बाईक को ओवरटेक कर ट्रांसफार्मर के पास रात लगभग 8.45 बजे अमरजीत की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे अमरजीत और आराधना दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। रंजीत ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालकों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# सूने मकान के 9 कमरों के ताले तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम सरोली हटवारा मोहल्ला में स्थित एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 20 हजार रुपए नगदी सहित सोने के जेवर और चांदी के पूजा के बर्तन चोरी कर ले गए। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरोली हटवारा मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय पंकज शर्मा शहडोल में प्राईवेट जॉब करता है। उसने अपना मकान नल जल योजना वालों के तहत पीएचई विभाग को किराए से दे रखा था। घर की देख रेख उसके चाचा संजीव कुमार शर्मा करते थे। 6 अप्रैल को उसके चाचा को पता चला कि सभी 9 कमरों के ताले टूटे है और सामान बिखरा पड़ा है। इसकी सूचना उन्होनें अपने भतीजे पंकज शर्मा को दी, वह शहडोल से घर आया और जांच पड़ताल करने के बाद उसने मझगवां थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# शातिर बदमाश पिस्टल कारतूस सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने गत रात अघोरीबाबा मंदिर के पीछे देशी पिस्टल लेकर खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पिस्टल और 1 कारतूस जब्त की है। बताया गया है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध थाना गोहलपुर में अवैध वसूली, मारपीट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट के 7 अपराध पंजीबद्ध है। गोहलपुर थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी 18 वर्षीय मुडिया उर्फ राजीव ठाकुर गत रात अघोरीबाबा मंदिर के पीछे देशी पिस्टल लेकर खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मुडिया उर्फ राजीव ठाकुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना स्थाई पता ग्राम राजा बरखेड़ा भेड़ाघाट बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट के 7 अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# किराना दुकान से बिक रही थी शराब

**जबलपुर।** माढ़ोताल और गोराबाजार पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 350 पाव अंग्रेजी एवं 310 पाव देशी शराब जब्त की है। माढ़ोताल पुलिस थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि औरिया केवट मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय रामकिशोर केवट गत दिवस ग्राम औरिया केवट मोहल्लें में दो बोरियों में शराब रखे बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी रामकिशोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 310 पाव देशी शराब जब्त की है। इसी प्रकार

**350 पाव अंग्रेजी एवं 310 पाव देशी शराब जब्त**

गोराबाजार थाना प्रभारी नेहरु सिंह खण्डाते ने बताया कि गत रात बाल क्रीड़ा परिसर के पास स्थित एक किराना दुकान में अंग्रेजी शराब बेचने के लिए दुकान में रखा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किराना दुकान संचालक कृष्णा कालोनी धोबीघाट निवासी 33 वर्षीय रवि उर्फ कन्हैया को गिरफ्तार कर लिया है। दुकान की तलाशी लेने पर दुकान में रखी सेंट्रल प्रोविन्स प्रीमियम श्री एक्स रम के 100 पाव, 4 कार्टून में बाम्बे स्पेशल डार्प रम के 200 पाव, एक कार्टून में लंदन प्राईड श्री एक्स रम के 50 पाव शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 350 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती तुला बाई कोष्टा-** जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री जीतलाल कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती तुला बाई कोष्टा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल सोनी-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं निवासी श्री किशन लाल सोनी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामवती बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री लालमन कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम प्रकाश सोनी-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं निवासी राम प्रकाश सोनी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कुमार रैकवार-** एमएलबी स्कूल रोड राइट टाउन निवासी श्री रमेश कुमार रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. डिम्पल पटेल-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सोमेश पटेल की पुत्री कु. डिम्पल पटेल (04) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पहुंचा 400 लाख करोड़ के पार

## नए वित्त वर्ष के पहले दिन नई ऊंचाई छूने में सफल रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में लंबे समय से चली आ रही ऐतिहासिक रैली अभी भी बरकरार है। इस ऐतिहासिक रैली में घरेलू शेयर बाजार लगातार नई-नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है और नए-नए रिकॉर्ड बनाते जा रहा है। नए वित्त वर्ष में नया सर्वकालिक उच्च स्तर हासिल करने के बाद सोमवार को घरेलू बाजार के नाम नया इतिहास दर्ज हो गया है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का सम्मिलित एमकैप 400 लाख करोड़ रुपए के पार निकला है। घरेलू शेयर बाजार नए वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दिन नई ऊंचाई छूने में सफल रहा। बाजार ने खुलने के कुछ ही देर में नए सर्वकालिक उच्च स्तर का रिकॉर्ड बना दिया। सोमवार के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 74,673.84 अंक का और निफ्टी 22,630.90 अंक का नया उच्च स्तर छू चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह के दौरान भी दोनों प्रमुख सूचकांकों ने नया शिखर छुआ था। पिछले एक साल के दौरान घरेलू बाजार में 25 से 30 फीसदी के रेंज में तेजी आई है।

### 5 ट्रिलियन डॉलर की दहलीज पर दस्तक

डॉलर में देखें तो बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का एमकैप अब 4.81 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। बीएसई का एमकैप सबसे पहली बार नवंबर 2023 के अंत में 4 ट्रिलियन डॉलर के पार निकला था। अब आंकड़ा 4 महीने में ही 5 ट्रिलियन डॉलर को पार करने के बेहद करीब पहुंच चुका है। बीएसई के बाद एनएसई ने भी दिसंबर 2023 की शुरुआत में 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।



### 198 शेयरों पर लगा अपर सर्किट

सोमवार के शुरुआती कारोबार में बीएसई पर लिस्टेड ज्यादातर कंपनियों के शेयर फायदे में चल रहे थे। सुबह के कारोबार में 3,289 कंपनियों के शेयरों में ट्रेड हुआ, जिनमें 1,936 शेयर फायदे में थे, जबकि 1,205 नुकसान में। वहीं 148 शेयर स्थिर थे। ग्रीन जोन में ट्रेड कर रहे शेयरों में 166 ने आज पिछले एक साल का हाई लेवल छू लिया। वहीं आज के कारोबार में 198 शेयरों ने अपर सर्किट लगाया।

### इस स्तर पर पहुंचा बीएसई का एमकैप

तमाम शेयरों में आई शानदार रैली का फायदा ओवरऑल घरेलू शेयर बाजार को हुआ। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सुबह के सेशन में बीएसई पर लिस्ट सभी कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 4,00,88,716.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह पहली बार है, जब किसी भारतीय शेयर बाजार का एमकैप 400 लाख करोड़ रुपए के पार निकला है।

## खबर संक्षेप



### फिल्टर कैपिटल ने वित्त पोषण से 800 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी-केंद्रित उद्यम पूंजी कंपनी फिल्टर कैपिटल ने अपने पहले वित्त पोषण चक्र में 800 करोड़ रुपये का वित्त पोषण हासिल किया है। कंपनी बयान के अनुसार, भारतीय संस्थागत निवेशक और एचडीएफसी फंड ऑफ फंड्स, सिडबी, एसआरआई फंड, ओस्टर ग्लोबल, डीएसपी परिवार कार्यालय, अमांसा कैपिटल के संस्थापक आकाश प्रकाश तथा ड्रीम 11 के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्ष जैन ने इस वित्त पोषण में प्रतिबद्धता जतायी।

### रियलमी का लक्ष्य इस साल 'पी सीरीज' में प्रभुत्व पाना





**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन निर्माता रियलमी इंडिया का लक्ष्य इस साल 'पी सीरीज' के तहत उपकरणों के एक नए खंड को पेश करने के साथ 15,000-25,000 रुपये के मोबाइल फोन खंड में सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल करना है। रियलमी इंडिया के व्यापार रणनीति के प्रमुख तारिणी प्रसाद दास ने 'पी सीरीज' पर योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए पत्रकारों से कहा कि 2024 में कंपनी का लक्ष्य फ्लिपकार्ट के साथ अपनी साझेदारी के तहत संचयी रूप से पांच करोड़ स्मार्टफोन की बिक्री करना है।

### हुंडई और किआ ने एक्साइड एनर्जी से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई मोटर वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी और किआ कॉर्पोरेशन ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के स्थानीयकरण के लिए घरेलू बैटरी निर्माता एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की।
हुंडई मोटर समूह ने एक बयान में कहा, हुंडई मोटर कंपनी और समूह की कंपनी किआ कॉर्पोरेशन ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विस्तार योजनाओं के तहत प्रमुख भारतीय बैटरी कंपनी एक्साइड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### एनटीपीसी पांच गीगावाट क्षमता तक करेगी विस्तार






**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने सोमवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी उत्पादन क्षमता को पांच गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि एनटीपीसी का लक्ष्य तीन गीगावाट तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को जोड़ना है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। इसके अलावा कंपनी अपनी तापीय ऊर्जा क्षमता में दो गीगावाट की वृद्धि करेगी।

### आधार हाउसिंग फाइनेंस को आईपीओ लाने मंजूरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।





बाजार नियामक ने सोमवार को एक अपडेट के जरिये यह जानकारी दी। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम के तहत 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 4,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

## सोने में 400 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा गया

# सोने ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पहली बार 71 हजार रुपए के पार निकला, चांदी 81,000 रुपए से हुई महंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं। सोना अभी तक के सबसे महंगे भाव पर चला गया है और एमसीएक्स पर इसका सर्वाधिक ऊंचा दाम 71057 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर है। सोने में करीब आज 400 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा गया है और ये अब तक के सबसे हाई रेट पर कारोबार किया।

### चांदी की चमक बेतहाशा बढ़ी

चांदी की चमक तो आज बेहतरीन रूप से बढ़ी है और कारोबार खुलते ही इसमें 1040 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई है। चांदी 81,000 रुपए की कीमतों को तो पार कर ही चुकी है और अब ये 82,000 रुपए के करीब जा रही है। एमसीएक्स पर चांदी का मई वायदा 81955 रुपए प्रति किलो के रेट पर आ चुका है जो इसका ऑलटाइम हाई लेवल है।

**खास बातें**

- चांदी भी सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची
- चांदी में 1000 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई
- विदेशी बाजार में भी इस कीमती धातु में तेजी रही



### 75 हजार तक जा सकता है सोना

*बाजार विश्लेषकों के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 85 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।*

### अक्षय तृतीया करीब पर सोने के दाम आसमान पर

*अक्षय तृतीया का पर्व आने वाली 10 मई को है और इससे पहले ही सोने के दाम में जोरदार बढ़त से गहने खरीदने वालों के सामने चिंता है कि इस बार सोने-चांदी के सिक्के या गहने कैसे खरीदे जाएंगे। दरअसल भारत में अक्षय तृतीया का पर्व काफी शुभ माना जाता है और इस दिन जमकर सोने-चांदी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी की जाती है।*

### लगातार नए-नए रिकॉर्ड बना रहा सराफा

*सुनहरी मेटल सोना और चमकीली मेटल चांदी के लिए ये ड्रीम रन या शानदार तेजी का दौर चल रहा है। सोना और चांदी के दाम बेतहाशा ऊंचाई के बाद आसमान छू रहे हैं और इसमें निवेश करने वालों की पौ बारह है।*

### 2023 में 8 हजार रुपए से ज्यादा महंगा हुआ था सोना

*साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16%) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।*

### विदेशी बाजार में भी सोना-चांदी की चमक बढ़ी

*विदेशी बाजार में भी सोना और चांदी दोनों धमाकेदार तेजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 15.60 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 2,361.25 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। वहीं कॉमैक्स पर ही चांदी मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 27.902 डॉलर प्रति औंस के रेट पर ट्रेड कर रही है।*

# फरवरी में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या बढ़कर 119.7 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या फरवरी में एक महीने पहले की तुलना में 0.38 प्रतिशत बढ़कर 119.7 करोड़ हो गई। दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को यह आंकड़ा जारी किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की रिपोर्ट कहती है कि फरवरी में शहरी टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 66.37 करोड़ हो गई जबकि ग्रामीण उपभोक्ता 0.34 प्रतिशत की क्रमिक वृद्धि दर के साथ 53.13 करोड़ हो गई। ट्राई की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडबैंड के कुल ग्राहकों की संख्या भी जनवरी के अंत में 91.10 करोड़ से बढ़कर फरवरी के अंत में 91.67 करोड़ हो गई। ब्रॉडबैंड बाजार में शीर्ष पांच सेवा प्रदाताओं की हिस्सेदारी 98.35 प्रतिशत है। इनमें रिलायंस जियो (52.2 प्रतिशत), भारती एयरटेल (29.41 प्रतिशत), वोडाफोन आइडिया (13.80 प्रतिशत), बीएसएनएल (2.69 प्रतिशत), और एट्रिया कन्वर्जेंस (0.24 प्रतिशत) शामिल हैं। रिपोर्ट कहती है कि फरवरी में लैंडलाइन और मोबाइल सेवा दोनों क्षेत्रों में सभी सर्किलों में ग्राहक आधार में वृद्धि दर्ज की गई। फरवरी के अंत में लैंडलाइन ग्राहकों की संख्या 1.73 प्रतिशत की मासिक वृद्धि के साथ 3.31 करोड़ हो गई।

- नियामक ट्राई ने जारी किए आंकड़े


### वायरलेस ग्राहकों की संख्या बढ़ी

दूरसंचार नियामक के मुताबिक, फरवरी महीने में वायरलेस ग्राहकों की कुल संख्या 0.34 प्रतिशत की मासिक वृद्धि के साथ बढ़कर 116.46 करोड़ हो गई।

# पिछले दस साल में रियल एस्टेट में तीन करोड़ नौकरियां हुई पैदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में मिलने वाला कुल रोजगार पिछले कैलेंडर वर्ष में बढ़कर 7.1 करोड़ हो गया, जबकि 2013 में यह आंकड़ा चार करोड़ था। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक और उद्योग निकाय नारेडको ने अपनी संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इस तरह पिछले 10 साल में उद्योग ने तीन करोड़ से अधिक नयी नौकरियां दीं। रिपोर्ट के अनुसार, नरेन्द्र मोदी सरकार के कई नीतिगत सुधारों से समर्थन पाकर आवास क्षेत्र ने स्वस्थ वृद्धि दर्ज की, जिसके चलते रोगजार के मौके भी तेजी से बढ़े। एनारॉक-नारेडको की सोमवार को जारी रिपोर्ट 'रियल एस्टेट अनबॉक्स्डः द मोदी इफेक्ट' में कहा गया कि भारत के आवासीय रियल एस्टेट बाजार को मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कई सुधारों से काफी फायदा हुआ है। इन सुधारों से उद्योग को मजबूत होकर उभरने और नयी ऊंचाइयां छूने में मदद



मिली। देश के कुल कार्यबल में रियल एस्टेट क्षेत्र की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से अधिक है। भारत के शीर्ष सात प्राथमिक आवास बाजारों में 2014 और 2023 के बीच कुल 29.32 लाख इकाइयां तैयार हुईं और 28.27 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम (रेरा), माल तथा सेवा कर (जीएसटी), और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिये सरकार ने पिछले 10 वर्षों में रियल एस्टेट क्षेत्र को मजबूती दी।

### मुंबई, कोलकाता व चेन्नई में बढ़ी घरों की मांग

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि शीर्ष सात बाजारों - दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में घरों की मांग और कीमतों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

# सेंसेक्स 494 अंक की छलांग से सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी... अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। वैश्विक बाजारों में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच बाजार में तेजी आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 621.08 अंक तक चला गया था।

- निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड
- रिलायंस में तेजी से बाजार को समर्थन

निफ्टी भी 152.60 अंक बढ़त के साथ 22,666.30 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'वैश्विक शेयर बाजारों में ज्यादातर में बढ़त का रुख रहा। इसका कारण निवेशक की नजर इस सप्ताह अमेरिका में जारी होने वाली मुद्रास्फीति तथा यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर के बारे में निर्णय पर है।'





### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स के शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाली कंपनियों में नेस्ले, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इन्फोसिस शामिल हैं।


# रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़े : आरबीआई

## आरबीआई गवर्नर दास का बल घरेलू व विदेशी स्तर के बाजार पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को घरेलू और विदेशी दोनों स्तर पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भारतीय बैंकों को विवेक के साथ अधिक भागीदारी करने की जरूरत पर बल दिया। दास ने बार्सिलोना में आयोजित एफआईएमएमडीए-पीडीएआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डेरिवेटिव बाजारों में भारत के घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निर्माताओं के एक छोटे समूह तक सीमित है। हालांकि, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है लेकिन यह काफी कम है। गवर्नर ने अपने संबोधन में कहा, 'घरेलू बैंक अंतिम ग्राहकों के बजाय वैश्विक बाजारों में बाजार-निर्माताओं के साथ काम कर रहे हैं और वैश्विक स्तर पर रुपये डेरिवेटिव के बाजार-निर्माताओं के रूप में उभरे हैं।' हालांकि, इसके साथ आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को इस दिशा में कदम बढ़ाने के पहले जरूरी जांच-परख करने और जोखिम उठाने की अपनी क्षमता का आकलन करने पर भी जोर दिया। दास ने कहा, 'हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों तरह के रुपया डेरिवेटिव बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी को बढ़ाने और व्यापक बनाने पर होना चाहिए।'

- डेरिवेटिव बाजार में घरेलू बैंकों की भागीदारी एक छोटे समूह तक सीमित





### खुदरा ग्राहकों को बड़े ग्राहकों के बराबर सौदा नहीं मिलता

दास ने कहा कि मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता पर काम जारी है और अभी बहुत कुछ करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा, 'खुदरा ग्राहकों को अब भी बड़े ग्राहकों के बराबर सौदा नहीं मिलता है। एनडीएस-ओएम पर छोटे सौदों के लिए प्रभावी बाजार-निर्माण और बेहतर मूल्य निर्धारण की जरूरत है।'

### विदेशी मुद्रा खुदरा मंच सुविधाजनक बने

दास ने कहा कि छोटे और बड़े ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय बाजारों में मूल्य निर्धारण में अंतर परिचालन संबंधी विचारों से उचित ठहराया जा सकता है। बैंकों को विदेशी मुद्रा खुदरा मंच के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

## कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस को पूरा करने मिला 60 दिन का समय

# एनसीएलटी से गो फर्स्ट एयरलाइन को मिली एक और लाइफलाइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। एयरलाइन ने हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल कर दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने एयरलाइन को आदेश दिया है कि वह रेजोलुशन प्लान को जल्द से जल्द फाइनल कर दे। अब कंपनी के पास निर्णय लेने के लिए 3 जून तक का समय है।

- अब कंपनी के पास लेने के लिए 3 जून तक का समय

### कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने दे दी थी मंजूरी

*ट्रिब्यूनल ने बताया कि गो फर्स्ट एयरलाइन के स्टेकहोल्डर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। गो फर्स्ट एयरलाइन को रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने के लिए अब तक 330 दिन का समय दिया जा चुका है। रेजोलुशन प्रोफेशनल ने एक्सटेंशन की मांग करने के लिए याचिका दाखिल की थी। इसे कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने 29 मार्च को मंजूरी दी थी। इस कमेटी में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं।*





### जल्द समाधान निकलने की उम्मीद

इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) के अनुसार, एनसीएलटी अगर चाहे तो 330 दिन से ज्यादा का समय भी दे सकता है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि गो फर्स्ट एयरलाइन केस में एनसीएलटी अब और एक्सटेंशन देने के मूड में नहीं है। हालांकि, 2 रेजोलुशन प्लान होने के चलते ऐसी उम्मीद जताई जा

### स्पाइसजेट और स्काई वन ने दिया है प्रस्ताव

*दरअसल बंद पड़ी गो फर्स्ट एयरलाइन को खरीदने के लिए स्पाइसजेट के अजय सिंह और बिजी बी के अलावा शारजाह की कंपनी स्काई वन एविएशन ने भी प्रस्ताव दिया है।*

### 3 मई से ही बंद पड़ी है एयरलाइन

*वाडिया ग्रुप के नेतृत्व वाली एयरलाइन ने 2 मई, 2023 को इनसॉल्वेंसी फाइल की थी। एयरलाइन ने अपना परिचालन 3 मई, 2023 को बंद कर दिया था। कंपनी ने अपने फेल होने का कारण प्रैट एंड व्हिटनी के खराब इंजनों को बताया था। तभी से एयरलाइन बंद पड़ी है और उसे कई कानूनी संकटों का सामना करना पड़ रहा है।*

# बजाज फाइनेंस ने सावधि जमा पर ब्याज दर बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा समूह बजाज फिनसर्व लि. की अनुषंगी इकाई बजाज फाइनेंस ने ज्यादातर अवधि की सावधि जमा पर ब्याज दर में 0.60 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। कंपनी के बयान के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 से 35 महीने की अवधि के लिए सावधि जमा पर 0.60 प्रतिशत और 18 से 24 महीने की अवधि की जमा पर 0.40 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। यह वृद्धि तीन अप्रैल, 2024 से प्रभावी हैं। गैर-वरिष्ठ नागरिकों के मामले में 25 से 35 महीने की अवधि के लिए जमा पर ब्याज 0.45 प्रतिशत और 18 से 22 महीने की अवधि के लिए ब्याज 0.40 प्रतिशत बढ़ाया गया है।




वहीं 30 से 33 महीने की अवधि की सावधि जमा पर ब्याज में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस के बयान के अनुसार वरिष्ठ नागरिक डिजिटल रूप से 42 महीने की अवधि के लिए खोली गयी सावधि जमा पर 8.85 प्रतिशत तक और गैर-वरिष्ठ नागरिक 8.6 प्रतिशत तक ब्याज प्राप्त कर सकते हैं।

चिंतन

# मानवता के लिए युद्धविराम पर विचार करना होगा

रह रहकर ऐसी खबरें आ रही है कि इजराइल-हमास में युद्धविराम हो सकता है। ब्रिटेन समेत विश्व बिरादरी के अनेक देश इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर युद्ध रोके जाने का आह्वान किया। ऐसा करना जरूरी भी हो गया है। इजराइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार होने के कगार पर हैं। इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। युद्ध शुरू होने के साथ ही गाजा के हालात की भयावहता को लेकर ऐसी आशंकाएं थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यॉरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस भयावहता की तस्वीर को साफ कर दिया है। इजराइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब 3 लाख लोगों का पचास फीसदी हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन एक साल पहले तक गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे अब उनकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। हालात ये हैं कि 66 फीसदी परिवार महीने में कम से कम 10 बार चौबीसों घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं। युद्ध के चलते न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल हुआ है, बल्कि धमाकों के बीच इनके वितरण में भी परेशानी आ रही है। पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरने की खबरें भी आई थी। यही नहीं, आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि इजराइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके चलते यहां पैदा होने वाले खाद्यान्न पर भी उसका कब्जा हो गया है। युद्ध के पीछे इजराइल के अपने तर्क हैं। उसका कहना है कि जब तक उसके नागरिकों को रिहा नहीं किया जाता युद्ध खत्म नहीं होगा। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए उसके नागरिकों के शव बरामद हो रहे हैं, इसलिए युद्ध को बीच में नहीं रोक सकते। अगर हमास सभी बंदियों को छोड़ देगा तो युद्ध खुद खत्म हो जाएगा। अगर इजराइल सरकार की यह बात मान भी ली जाए कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। सुरक्षा परिषद भी इस आशय का प्रस्ताव पारित कर चुकी है, लेकिन इस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को यह खबरें आई कि युद्ध विराम हो सकता है। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है, लेकिन कुछ ही देर बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का बयान सामने आ गया कि इजराइली सेना खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। तय है कि इससे हालात और विकट होंगे। पहले ही भूखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का जीवन खतरे में चला जाएगा। इजराइल के अपने तर्क सही हैं, लेकिन मानवता के आधार पर उन लोगों के बारे में भी विचार करना जरूरी है, जो बेवजह युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं।

## सारा संसार



कोयम्बटूर का भगवान गणेश को समर्पित ईचनारी विनयगर, 1500 ईस्वी पूर्व में बनाया गया था। इस जगह से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विनायक की मूर्ति को पट्टीश्वर मंदिर ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी की एक धुरी टूट गई। उसी स्थान पर मंदिर बनाया गया।

नव सवंत्सर
डॉ सूर्यकांत मिश्रा



# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी

भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को हमें विक्रम संवत 2081 में प्रवेश दिलाने जा रही है। हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं। कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें 'मां भगवती' की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है। हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। हमें गर्व है अपने ऋषि-मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है। हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनीतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया। इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही। नव-वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन, मास, वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है। इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था। कल्पयादि-सृष्टियादि-युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है। सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि-मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है। गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की। यही विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है, जितना कि आधुनिक सैटेलाइट। हिंदू नव-वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है। पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है। प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है। ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव-श्रृंगार किया हो। यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए-वर्ष को पा लेते हैं। ऐसा दिव्य नव-वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है। सनातनी नव-वर्ष को लेकर विवेकानंद ने कहा है 'यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है, तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा। गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला आत्म गौरव खो बैठता है। हिंदू नव-वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं। सूर्य, चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं। प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं। यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम' को सार्थकता प्रदान करता है। विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है। क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव-वर्ष की शुरुआत गो-माता की पूजा से करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनावी बॉन्ड
आलोक शुक्ला

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता जरूरी

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सारे विपक्षी दल इसे सदी का सबसे बड़ा घोटाला कह रहे हैं,परन्तु राजनीतिक फंडिंग में भ्रष्टाचार केवल चुनावी बॉन्डों तक ही सीमित नहीं है। हमें यह समझना होगा कि कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में सभी राजनीतिक दलों की आय के लगभग 71 प्रतिशत के स्रोत की जानकारी नहीं है। इसमें चुनावी बॉन्डों से प्राप्त आय, कूपन विक्रय से आय, अन्य स्रोतों से आय, स्वैच्छिक चंदा, मीटिंग एवं मोर्चा आदि के लिए चंदा, आदि मद शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह धन किसने दिया इस बात की कोई जानकारी नहीं है। विकीपीडिया के एक आलेख में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बारे में बताया गया है कि वर्ष 2020-21 में भाजपा की 61 प्रतिशत आय, टीएमसी की 97 फीसदी आय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 72 फीसदी आय एवं सीपीएम की 48 प्रतिशत आय के स्रोत की जानकारी नही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के संबंध में भारत में वैधानिक प्रावधान बहुत लचीले हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी के अंतर्गत राजनीतिक दल किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से चंदा प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वह शासकीय कंपनी न हो। धारा 29सी के अंतर्गत इस प्रकार प्राप्त चंदे की घोषणा करने का प्रावधान है, जिसके अनुसार बीस हजार रुपये से अधिक का चंदा देने वाले व्यक्तियों का विवरण देना अनिवार्य किया गया है और यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राजनीतिक दल यह विवरण चुनाव आयोग को नहीं देता है तो उसे आयकर की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। अधिकांश राजनीतिक दल यही कहते रहे हैं कि उन्हें लगभग सभी व्यक्ति बीस हज़ार रुपये से कम चंदा देते हैं, इसलिए न तो उन्हें चंदा देने वालों का विवरण आयोग को देने की आवश्यकता है और न ही वे उनका विवरण अपने पास रखते हैं। वर्ष 2009 से 2014 के मध्य मैं स्वयं चुनाव आयोग में था। आयोग ने उस समय राजनीतिक दलों से इस बात का प्रमाण मांगना प्रारंभ किया था, कि उन्हें वास्तव में प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये से कम राशि मिली है। इसके लिए आयोग ने राजनीतिक दलों से चंदे की रसीदों के काउंटर फॉयल मांगने प्रारंभ किए। नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक दलों ने फर्जी काउंटर फॉयल बनाना प्रारंभ कर दिया। अनेक चुनावों में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डाले गए छापों में राजनीतिक दलों के कार्यालयों से ऐसे फर्जी काउंटर फॉयलों के बंडल तक




मिले,क्योंकि इस संबंध में कोई आपराधिक धाराएं कानून में नहीं हैं इसलिए किसी राजनीतिक दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। राजनीतिक दल इस प्रकार बीस-बीस हज़ार रुपये का हिसाब रखते हुए काफी परेशान थे, इसलिए वर्ष 2013 में एक इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत इलेक्टोरल ट्रस्ट एक नॉन प्रॉफिट संस्था के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा कंपनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को धन दे सकते हैं। इसके बाद इलेक्टोरल ट्रस्ट अपनी मर्जी से इस धन से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकता है। इस योजना के द्वारा चंदा देने वाले व्यक्ति और चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल के बीच सीधा संबंध समाप्त कर दिया गया। इससे कुछ हद तक राजनीतिक चंदा देने वालों की गोपनीयता रखने की गुंजाइश हो गई। कानूनी रूप से ट्रस्ट के लिए दानदाता की इच्छा के अनुसार राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई बंधन नहीं है। यदि कोई कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल ट्रस्ट को पैसा दे रही है, और उस ट्रस्ट का अधिकांश पैसा किसी विशेष राजनीतिक दल को ही जा रहा है जो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कंपनी किस राजनीतिक दल की फंडिंग कर रही है। इससे निपटने के लिए वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में चुनावी बॉन्ड दानदाता की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय कर दी गई, इसीलिए चुनावी बॉन्ड योजना ने राजनीतिक चंदे को पूरी तरह अपारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया। पूर्व में केवल वही कंपनी चुनावी चंदा दे सकती थी जो कम से कम 3 साल से अस्तित्व में हो। कंपनी द्वारा दिया गया चंदा पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता था और इस चंदे का खुलासा कंपनी को प्रत्येक वित्त वर्ष में अपने शेयरहोल्डरों को दी जाने वाली रिपोर्ट में करना अनिवार्य था। वर्ष 2018 के संशोधन व्दारा इन तीनों ही शर्तों को हटा दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि यदि कोई कंपनी आज ही बनी हो तो भी वह राजनीतिक चंदा दे सकती है, कंपनी कितना भी चंदा दे सकती है, और कंपनी को अपने शेयरधारकों को इसकी जानकारी देना भी आवश्यक नहीं है। हाल ही में चुनावी बॉन्डों का डेटा सार्वजनिक होने के बाद यह पता लगा है कि कई कंपनियों ने कुल राजस्व से भी अधिक राशि चंदे में दी है।

भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता न होने के प्रमुख कारण हैं निर्वाचन आयोग की एक्सपेंडीचर गाइडलाइन किसी कानून के अंतर्गत नहीं है और इसलिए उसका पालन नहीं करने वालों पर कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती, निर्वाचन आयोग को दी जाने वाली जानकारी की आयकर विभाग, न तो ठीक प्रकार से स्क्रूटिनी करता है और न ही उसे बाध्य करने का कोई कानून है, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 केवल अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय को विनियमित करती है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपने शेयरधारकों तक को बताने की आवश्यकता नहीं है, चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी है। चुनाव आयोग की तथाकथित सख्ती और जब्ती का कोई लाभ तब तक नहीं होगा जब तक चंदे और दान में पारदर्शिता न रखी जाए। दुःख इस बात का है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला चुनाव आयोग भी पारदर्शिता की नहीं, बल्कि गोपनीयता की वकालत करता दिख रहा है। दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा चुनावों की घोषणा करते समय अपनी प्रेस कार्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 बार कहा कि इलेक्टोरल बॉन्डों के दानदाताओं की गोपनीयता रखना आवश्यक है। इलेक्टोरल बॉन्डों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को आसरा दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का इंतज़ार किए बिना सर्वोच्च न्यायालय से ही हमें राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शी व्यवस्था मिल सकेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकवाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उस पर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपये हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छह महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गायों के बाद भैंसें लूंगा और फिर घोड़े। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरूपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोम शर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोम शर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### कलह की शिकार हो गईं पार्टियां

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें निकट आती जा रही हैं, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक गठबंधनों के बीच का अंदरूनी कलह बंद कमरे से बाहर निकल कर सड़को पर आता जा रहा है। महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले एकदम नई तरह की परिस्थितियां सामने आ गई है। महाअघाड़ी में शामिल शिवसेना पार्टी से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद तो प्राप्त कर लिया है, मगर उसके बाद अजीत पवार गुट के सत्ता में शामिल होने से उनकी अहमियत घटती जा रही है। क्योंकि बीजेपी की पूरे महाराष्ट्र पर अच्छी पकड़ है, इसलिए वह अपनी शर्तों पर सहयोगी दलों को सीटें आवंटित कर रही है, जिसे लेकर एनडीए में शामिल अन्य दल कसमसा रहे हैं।

- **महेंद्र विश्वकर्मा**, बलौदाबाजार

## ट्रेंड

### मोदी की गारंटी का परिणाम



छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी बस्तर समेत पूरे प्रदेश के मेरे परिवारजन एक सशक्त सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि पहले जो भारत को आंखें दिखाते थे, आज वो आटे के लिए भटक रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीजें उपयोग के लिए



लोगों का उपयोग करना और चीजों से प्यार करना-यह जीवन की पूरी तरह से गलतफहमी है। चीजें उपयोग के लिए हैं। लोग प्यार के लिए हैं। स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि संपूर्णता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### राजनीति में नहीं जा रहा



मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

-संजय दत्त, अभिनेता

### ऐसे बनें आदर्श व्यक्ति



मैंने अपने गुरु से पूछा 'मुझे एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए?' उन्होंने उत्तर दिया, 'एक उद्यमी का दिमाग, एक एथलीट का शरीर और एक कलाकार की आत्मा रखने का प्रयास करें।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# मोदी समर्थकों ने अमेरिका के 16 शहरों में निकाली रैली



अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, 'भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।

## ऑफ बीट

# क्या मेरा चश्मा मेरी नजर खराब कर रहा है?



कुछ लोग चश्मे पर बढ़ती निर्भरता को महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि क्या उनकी आंखें 'आलसी' हो गई हैं। हमारी आंखें ऑटो-फोकस कैमरे की तरह ही काम करती हैं। प्रत्येक आंख के अंदर एक लचीला लेंस मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित होता है जो लेंस को समतल करने के लिए मांसपेशियों को आराम देकर हमें दूर की वस्तुओं (जैसे फुटी स्कोरबोर्ड) पर ध्यान केंद्रित करने देता है। जब मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं तो यह लेंस को उन चीजों को देखने के लिए अधिक कठोर और शक्तिशाली बनाता है जो हमारे बहुत करीब हैं (जैसे कि एक टैक्स्ट मैसेज)। लगभग 40 वर्ष की आयु से, हमारी आंख का लेंस धीरे-धीरे सख्त हो जाता है और आकार बदलने की क्षमता खो देता है। धीरे-धीरे, हम निकट की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता खो देते हैं। इसे 'प्रेसबायोपिया' कहा जाता है और फिलहाल इस लेंस को ठीक करने का कोई तरीका नहीं है। चश्मा बनाने वाले इस लेंस की कमी को चश्मे से ठीक करते हैं जो आपके प्राकृतिक लेंस का भार लेते हैं। लेंस आपको अतिरिक्त अपवर्तक शक्ति प्रदान करके उन नज़दीकी छवियों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद देते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रूस में तैयार हो रहे भारत के दो युद्धपोत आईएनएस 'तुशिल' और 'तमाल'

नई दिल्ली। रूस में भारतीय नौसेना के लिए तैयार हो रहे दो युद्धपोत साल के अंत तक ये युद्धपोत नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना की एक टीम ने हाल ही में रूस में शिपयार्ड का दौरा किया था। वहां इन युद्धपोतों को तैयार किया जा रहा है। नौसेना की टीम द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि काम अच्छी गति से चल रहा है और पहला युद्धपोत समुद्री परीक्षणों के लिए भी लॉन्च किया जा चुका है। फिलहाल इसका इस्तेमाल रूसी नौसेना कर रही है।




- रूस के शिपयार्ड में चल रहा कार्य, जल्द आएंगे भारत
- युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था, युद्ध से रुका
- दोनों ही नौसेना के बेड़े में होंगे शामिल, सेना ताकतवर
- पहला युद्धपोत अगस्त और दूसरा दिसंबर तक आएगा
- गोवा शिपयार्ड में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोत बन रहे

**इस वजह से हुई परियोजना में देरी**

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से इस परियोजना में देरी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि रूस में बनाए जा रहे युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था। भारतीय नौसैनिक शिपयार्ड से एक टीम को युद्धपोत पर इंजन फिट करने के लिए वहां भेजा गया था। उधर, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोतों को बनाने का काम चल रहा है। उम्मीद है कि जीएसएल परीक्षण के लिए पहला युद्धपोत लॉन्च करेगा। इनकी डिलीवरी 2026 के मध्य तक पूरी करने की योजना है।

सबसे पहले तेजस उतरा

## इमरजेंसी लैंडिंग में तेजस जगुआर, सुखोई-30 पास



भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत हाईवे पर उतरे

**बाड़मेर।** राजस्थान के भारत-पाकिस्तान सीमा पर सांचौर-बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे हाईवे (925 ए) पर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बने एयर स्ट्रिप पर सोमवार को तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग हुई। यहां सुबह करीब दस बजे तेजस ने लैंडिंग की। इसके बाद फाइटर जेट जगुआर और एएन-32, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और लड़ाकू सुखोई-30 की भी लैंडिंग हुई। अब इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल वायु सेना युद्ध और अन्य आपातकाल जैसी परिस्थितियों में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### आतंकवाद के लिए अल्लाह के नाम पर चंदा वसूली



**इस्लामाबाद।** दाने-दाने को तरस रहे पाकिस्तान में भारत के खिलाफ साजिश चल रही है। रमजान के पाक महीने में पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जगह-जगह छोटी दुकान बनाकर अल्लाह के नाम पर चंदा वसूल रहे हैं। उनका मकसद है चुनावरत भारत में आतंकी तबाही मचाना है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन ने छोटी-छोटी दुकानों में बाकायदा घातक हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर परमाणु बम की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर न्यूक्लियर बम ले जाने की धमकी देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुरक्षा जांच के दौरान धमकी दी थी कि वो न्यूक्लियर बम ले कर जा रहे हैं। इसके बाद फ्लाइट में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों यात्रियों को नीचे उतारा गया। इसके बाद उन दोनों को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों के हवाई खतरों को करेगी बेअसर

# भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप



*मिसाइलें कंधे पर रखकर उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा।

**खास बातें**

- रूस से 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले
- कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम
- पिछले साल दिया था 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर
- यूक्रेन से जंग के बाद भी रूस ने भारत से निभाई दोस्ती



### पुराने सिस्टम के मुकाबले में प्रभावी

*6 किमी तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*

### पिछले साल रूस को दिया था ऑर्डर

सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा।

### नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम

भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस (वीएसएचओआरएडी) मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस एंटी-एयरक्राफ्ट हथियारों और रणनीति का एक समूह है, जो कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों, मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर और कम-उड़ान वाले क्लोज एयर सपोर्ट एयरक्राफ्ट की रक्षा करता है।

साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत

# अमेरिका में 4 मिनट तक दिन में छाया रहा अंधेरा



अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए

एजेंसी ▶▶ मैक्सिको

मैक्सिको में सुबह 11 बजते ही (भारतीय समय अनुसार रात में करीब 10 बजे) दिन में अंधेरा छा गया। इसी के साथ साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत हो गई। पूर्ण सूर्यग्रहण का असर मैक्सिको के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा में भी दिखाई दिया। अमेरिका में ग्रहण के रास्ते में पड़ने वाले कम से कम 12 राज्यों में करीब 4 मिनट 28 सेकेंड तक दिन में अंधेरा रहा। वहीं, 54 देशों में आंशिक सूर्यग्रहण लगा। भारत में सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं दिया। कनाडा के ओंटारियो शहर में दोपहर 3.12 बजे पर पूर्ण सूर्य ग्रहण लगा। लोग नेशनल पार्क से ग्रहण देखने के लिए सुबह 5 बजे से लाइन लगाकर खड़े दिखाई दिए। ओंटारियों नेशनल पार्क के बाहर ग्रहण देखने आए लोगों की गाड़ियों की कतार लगी रही। अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए थे।

**लोगों को खराब मौसम का डर**

अमेरिका में कई लोग उन राज्यों में पहुंचे हैं जहां से पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकता है। ऐसे में इन लोगों को डर है कि कहीं बादल छाने से वो ये मौका गवां न दें। ग्रहण को लेकर अमेरिका में क्रेज इतना है कि न्यूयॉर्क शहर में 6 कैदियों को इसे देखने के लिए रिहा किया जाने का फैसला लिया गया है।

**2 साल से सूर्य ग्रहण को देखने की उत्सुकता**

अमेरिका के टैक्सास राज्य के केरविल शहर में सूर्यग्रहण देखने को लेकर जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर यहां का प्रशासन 2 साल से ग्रहण की तैयारी कर रहा था। ग्रहण देखने के लिए यहां भी भारी संख्या में लोग जुटे।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बोले

## सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त संस्कृति विकसित करने की है आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रि-सेवा सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' का नई दिल्ली में आयोजन किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए 'चिंतन' की शुरुआत की। उन्होंने ऐसी संरचनाओं का निर्माण करके प्रत्येक सेवा की क्षमताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि जो हमारी दक्षता को बढ़ाती हों और हमारी युद्ध लड़ने की क्षमता व अंतरसंचालनीयता में भी वृद्धि करती हों।



**उभरती और नवाचारी प्रौद्योगिकियों पर चर्चा**

सम्मेलन में अंडमान और निकोबार कमान एवं सामरिक बल कमान के प्रमुखों, रक्षा अकादमी के कमांडेंट, रक्षा सेवा कॉलेज, रक्षा प्रबंधन कॉलेज और सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा संचार एजेंसी के प्रमुखों ने भी भाग लिया।

**करेंगे मार्गदर्शन**

इंटिग्रेटिव डिफेंस स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे विचार-विमर्श भारतीय सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संयुक्त परिचालन संरचनाओं के रूप में दिशानिर्देश उपलब्ध कराएंगे।

याचिकाकर्ता पर भड़का कोर्ट

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग पर हाईकोर्ट ने फटकारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से हटाए जाने की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट से सोमवार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि पब्लिसिटी के लिए ये किया जा रहा है। हम याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाएंगे। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक रहे संदीप कुमार ने दिल्ली आबकारी नीति के मनी लॉड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। संदीप की याचिका की हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने आलोचना की। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका को खारिज नहीं किया।

# मोजाम्बिक में नाव पलटने से 90 से अधिक लोगों की हुई मौत

## डूबने वालों में बच्चे शामिल...कई लापता

एजेंसी ▶▶ मोजाम्बिक

मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक नाव हादसे का शिकार हो गई। नाव पलटने से बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे। कई लोग अब भी लापता है। बचाव के प्रयास जारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी।




**हैजा बीमारी से बचने जा रहे थे मोजाम्बिक द्वीप**

कुछ लोग एक मेले में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे। कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए।

चुनाव के लिए भारतीय जलवायु और मौसम का मिजाज समझना भी बेहद जरूरी

# एक देश-एक चुनाव के विचार पर काम कर रहा भारतीय मौसम विभाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एक राष्ट्र-एक चुनाव पर केंद्र सरकार की तरफ से लगातार जारी मंथन के बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सुझाव दिया है कि कोई भी फैसला लेने से पहले देश के विभिन्न हिस्सों की जलवायु स्थिति को समझना जरूरी है। आईएमडी का मानना है कि चुनाव के लिए ऐसा समय चुना जाना चाहिए, जिसमें पूरे देश के लिहाज से मौसम चुनाव कराने के अनुकूल हो। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि जल्द ही होने जा रहे आम चुनावों के दौरान विभिन्न हिस्सों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसे देखते हुए मौसम विभाग भारतीय निर्वाचन आयोग को लगातार मौसम पूर्वानुमान से अपडेट करा रहा है। चुनावों की संभावित तिथियां तय करने से पहले भी चुनाव आयोग ने इस बारे में मौसम विभाग से आवश्यक इनपुट लिया था।

**चुनाव के दौरान देश में अनुकूल होना चाहिए मौसम**

*आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि जल्द ही होने जा रहे आम चुनावों के दौरान विभिन्न हिस्सों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।*

**निर्वाचन आयोग को दे रहा मौसम की अपडेट**



**20 दिन तक चल सकती है लू**

*अप्रैल में चार से आठ दिन लू चलने की संभावना है, जबकि सामान्यतः एक से तीन दिन हीटवेव वाले होते हैं। अप्रैल-जून में सामान्यतः चार से आठ दिनों की तुलना में 10 से 20 दिनों तक लू चलने के आसार हैं।*

**सटीक अनुमान के लिए एआई का इस्तेमाल**

महापात्र ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

**रैली-मतदान समय बदलने का प्रस्ताव नहीं**

महापात्रा ने बताया कि चुनावों के दौरान तीव्र गर्मी के आसार देखते हुए मतदाताओं और चुनाव कर्मियों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। इससे बेहतर ढंग से निपटने के लिए विशेष पूर्वानुमान प्रदान किया जा रहा है, लेकिन आईएमडी ने सार्वजनिक रैलियों और मतदान के समय में बदलाव का प्रस्ताव नहीं दिया है।

फिर माफी मांगी, पीएम मोदी पर भी कर चुकीं टिप्पणी

## मालदीव की बर्खास्त मंत्री ने किया भारतीय अशोक चक्र का अपमान



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया। उन्होंने विपक्षी एमडीपी को निशाना बनाने के लिए अशोक चक्र का इस्तेमाल किया। इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। विवाद होने के बाद मरियम ने इसे हटा दिया।

**त्वरित मांगी माफी**

*मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मेरी पोस्ट की वजह से हुए भ्रम को लेकर माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि एमडीपी के पोस्टर में इस्तेमाल हुई तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती-जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। मुझे खेद है। मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मालदीव, भारत के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। मैं ध्यान रखूंगी कि भविष्य में मेरी तरफ से इस तरह की गलत न हो। पोस्ट करने से पहले सब वेरिफाई करूंगी।*

## नौ दिन होगी देवी की आराधना

# शक्ति उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र आज से



**जबलपुर।** चैत्र नवरात्र पर्व आज मंगलवार 9 मार्च से हैं। ये 17 मार्च रामनवमी तक चलेंगे। शुभ योगों में शक्ति पर्व शुरू होने से देवी पूजा आराधना से मिलने वाला शुभ फल और बढ़ जाएगा। 9 मार्च मंगलवार को स्वयं सिद्ध मुहूर्त रहेगा। जब नवरात्र शुरू होंगे तब इसी दिन से हिंदुओं का नया साल यानि नवसंवत्सर 2081 शुरू होगा जिसका नाम आनंद है। पंचांग के मुताबिक ये हिंदू नववर्ष का पहला दिन रहेगा।मठ मंदिरों में रंगाई, पुताई, सफाई और साज-सज्जा का काम हो चुका है। पूजन घट स्थापना की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। बैठकी के साथ प्रारंभ होने वाला यह पर्व शहर को धर्ममय वातावरण में लीन कर देगा। देवी मंदिरों में नवरात्र के मेले आयोजित होते हैं। इस साल रामनवमी का जुलूस और नवरात्रि के मेले और सार्वजनिक अनुष्ठान किए जायेंगे। नौ दिनों तक अनवरत पूजा-पाठ, हवन-अनुष्ठान मंदिर के पुजारी करेंगे। नगर के अति प्राचीन और सिद्ध स्थल श्री बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, श्री बूढ़ी खेरमाई चारखम्बा, श्री वृहत महाकाली कालीधाम गढ़ाफाटक, श्री बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर मढ़ाताल, श्री छोटी खेरमाई मंदिर राईट टाऊन, श्री शीतलामाई घमापुर, श्री महाकाली दरबार गोपालबाग, श्री महाकाली मंदिर सदर, श्री शिवशक्ति हरदौल मंदिर गंजीपुरा, श्री छोटी देवन दीक्षितपुरा, श्री मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा में बड़ी खेरमाई, छोटी खेरमाई और त्रिपुर सुंदरी मंदिर भेड़ाघाट में पूजन अर्चन होगा। नगर के सभी मंदिरों की रंगाई, पुताई होने के बाद आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है।

### सजाया गया महाकाली दरबार

श्री वृहत महाकाली समिति गढाफाटक कालीधाम के दरबार की साफ सफाई रंगाई पुताई होने के बाद दरबार को विशेष साज सज्जा से सजाया गया। यहां नौ दिन तक भक्तों का मेला लगेगा। माँ की अखंड ज्योत के दर्शन करने वैसे भी लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में आते हैं।

### बंगलामुखी दरबार में अखंड ज्योति प्रज्वलित होगी

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में परम्परानुसार भक्तों द्वारा अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिये माँ के चरणों में अर्जी लगाई गई हैं, साथ ही 1001 अखंड दीप ज्योति प्रज्वलित की जायेंगी, जहां पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज द्वारा प्रतिदिन माँ बगलामुखी का विशेष अर्चन, पूजन व महा आरती की जायेगी। अखंड ज्योति यज्ञ स्थल पर दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर चलेगा।

### देवी के नौ स्वरूपों की होगी आराधना

आज 9 मार्च प्रतिपदा को मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घटस्थापना और अराधना होगी। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथे दिन माँ कुष्मांडा की पूजा, पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा, छटवें दिन माँ कात्यायनी की पूजा, सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा, आठवें दिन माँ महागौरी की पूजा और रामनवमी के दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा आराधना की जायेगी।

### मंगल कलश शोभायात्रा आज

नारायणी सेना जबलपुर द्वारा चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर आज भगवाध्वज, मंगलकलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा 9 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से हितकारिणी स्कूल दमोहनाका से प्रारंभ होगी, जो कि मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक होते हुए मालवीय चौक, सुपर मार्पेट से होते हुए लार्डगंज, बड़ा फुहारा, मिलौनीगंज पर पहुंचेगी। यहां पर भव्य शोभायात्रा का जय श्रीराम के जयघोष और शानदार आतिशबाजी के साथ समापन होगा। इस संबंध में नारायणी सेना जबलपुर के प्रमुख सीताराम सेन, राज कुमार भोजक, अरविन्द दुबे, मनोज जायसवाल, राहुल महाराज, राहुल हटारिया, नितिन चौदह आदि ने बताया कि हिन्दू नववर्ष की भव्यता के साथ स्वागत करने की तैयारी पूरी हो गई है, पूज्यनीय संतों और हिन्दूवादी सेवकों की अगुवाई में शोभायात्रा के दौरान स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य भारत, नशा मुक्त भारत और शक्तिशाली भारत का संदेश दिया जाएगा। जिसमें भगवा वस्त्र पहने हुए धर्मालंबियों के द्वारा हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने का संदेश दिया जाएगा।



# सोमवती अमावस्या पर लोगों ने किया स्नान, ध्यान

**नर्मदा तटों में लगी आस्था की डुबकी**

जबलपुर।

सोमवार को सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और नर्मदा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं का नर्मदा तटों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाई। सोमवती अमावस्या को लेकर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। पंडितों के अनुसार चूंकि सोमवार को पड़ी, इसलिए सोमवती अमावस्या भी कहा गया है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ इस विधान को पूरा किया। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं। पंडितों का कहना है कि जिनका चंद्रमा कमजोर है, वह गाय को दही-चाव खिलाएं तो मानसिक शांति मिलेगी।

### क्या है महत्व

सोमवती अमावस्या का पुराणों में विशेष महात्म्य बतलाया गया है। सोमवती अमावस्या भी स्नान दान का पर्व है। धार्मिक ग्रन्थों में उल्लेख है कि इस दिन स्नान-दान करने से पापों का नाश होता है। इस दिन व्रत रहकर मौन स्नान-दान करने से सन्तान को सुख एवं परिवार में शांति व समृद्धि बनी रहती हे। स्त्रियों को वैधव्य नहीं होता और चिरकाल तक सौभाग्य मिलता रहता है। अमावस्या पितृकार्य का दिन है और चन्द्रलोक ही पितृलोक का निवास स्थान है। अतः अमावस्या के दिन सोमवार का पड़ना विशेष पुण्यकाल का योग माना जाता है।

## विक्रम संवत्सर पर हर घर केसरिया ध्वज फहराएं

# रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी

जबलपुर।

श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान मे पिछले 43 वर्षों से निकाली जा रही परम्परागत श्री रामनवमी शोभायात्रा इस वर्ष और भी ऐतिहासिक और भव्य होगी क्योंकि 500 वर्षों बाद अयोध्या में श्री राम लला की मूर्ति और भव्य मन्दिर बना है। ये निर्णय नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदास महाराज के सानिध्य मे महासभा की विगत दिनों गायत्री शक्ति पीठ मनमोहन नगर और श्री कृष्ण मंदिर गोरखपुर में संपन्न बैठकों में लिए गए।





महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, कोषाध्यक्ष गुलशन माखीजा, लक्की भाटिया, गायत्री परिवार के ट्रस्टी ब्रिजबिहारी शर्मा, सुनीता चावला ने बताया हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्सर वा नवरात्रि पर हर हिन्दू घर में भगवा ध्वज फहराया जाएगा। और 17 अप्रैल को भव्यतम शोभा यात्रा निकालेगी। इस अवसर पर प्रमोद राय, हरीश सभरवाल, गुलशन राय चक्रवर्ती, रमेश शर्मा, शरद काबरा, विष्णु पटेल, प्रवेश खेड़ा, विनोद आनंद, विधेश भापकर, संदीप मिश्रा, जगदीश साह, मनोज पटेल, धन्वंतराय सेठी, श्रवण मारवाह आदि उपस्थित थे। आगामी छठवीं बैठक कल मंगलवार सांयकाल 6 बजे कटरा वाले श्री हनुमान मन्दिर श्री गोविंद गंज रामलीला समिति के तत्वावधान मे आयोजित है।

# शहर से गांव तक मतदाता जागरुकता अभियान जारी


**जबलपुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप प्रकोष्ठ ने सोमवार को सीएम राइज स्कूल पाटन में दिव्यांग मतदाता जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में स्वीप के पीडब्ल्यूडी को-आर्डिनेटर डॉ. रामनरेश पटेल ने जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर दिव्यांग छात्र-छात्राओं की मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित पोस्टर एवं चित्रकला की प्रतियोगता भी आयोजित की गई । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरुस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्रायें एवं उनके अभिभावक थे । इस अवसर पर बीआरसी घनश्याम सिंह ठाकुर



एवं शासकीय दृष्टि बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सी के यादव ने भी अपने विचार व्यक्त कर दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में अवसर पर सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य अनुज सेन, राज्य अपंग कल्याण संस्थान के प्रभारी शिवशंकर कपूर, स्पेशल एजुकेटर श्रीमति अनुपमा उपाध्याय, श्रीमति प्रतिमा सिंह, श्रीमति वनमाला राय, सतीश सिंह, राज विश्वकर्मा, राजेश्वर परिहार, जनशिक्षक मनीष सोनी, रघुनाथ सिंह ठाकुर, श्रीमती उर्मिला मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे।

# दादा वीरेंद्रपुरी के जन्मोत्सव पर नेत्र शिविर 13 को

जबलपुर।



दादा वीरेंद्रपुरी महाराज के 98वें जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा विश्वनाथपुरी के पावन संरक्षण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन बजरंग मठ सूपाताल में 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक किया जा रहा है। शिविर के संयोजक बाबूशंकर सोनकर ने बताया की मरीजों का पंजीयन, नेत्र परिक्षण कर चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए तिलवारा घाट स्थित देवजी नेत्रालय ले जाया जायेगा। डॉ. पवन स्थापक ने बताया की मरीजों का ऑपरेशन अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से होगा,मोतियाबिंद के ऑपरेशन में निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण होगा। दवाइयाँ, भोजन, चश्मा एवं आवागमन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। दादा वीरेंद्रपुरी महाराज शिष्य मंडल के भोलाराम खत्री,अरुण शर्मा, सुरेश ओझा ,अरुण त्रिपाठी,हेमराज अग्रवाल, राजेश सोनकर, बलदेवआनंद,अजय त्रिपाठी ने समाज के सभी वर्गों से बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# मतदान दलों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने नियुक्त किये गये मतदान कर्मियों का दूसरे और अंतिम चरण का प्रशिक्षण आज सोमवार से पीएसएम कॉलेज और मॉडल हाई स्कूल में प्रारंभ हुआ। तीन सत्रों में आयोजित किये जा रहे इस प्रशिक्षण में मतदान दलों में नियुक्त कर्मियों को मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी प्रशिक्षण में दी गई । उन्हें मत प्रतिशत एप डाउनलोड करने तथा इस एप में मतदान के दिन ऑनलाइन दर्ज की जाने वाली जानकारियों के बारे में भी बताया गया।मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट (ईडीसी) प्रदान किये गये। ईडीसी के माध्यम से मतदान कर्मी उसी मतदान केन्द्र पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे जिस मतदान केन्द्र पर उन्हें मतदान कराने के लिए तैनात किया जायेगा।

# महाकोशल कॉलेज में 'अभिव्यक्ति साहित्य महोत्सव' का आयोजन

जबलपुर।

शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में अभिव्यक्ति साहित्य महोत्सव का आयोजन हुआ। महोत्सव का आयोजन अंग्रेज़ी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा हुआ जिसमें महाविद्यालय के 1500 से ज्यादा विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस 'अभिव्यक्ति साहित्य महोत्सव' का लक्ष्य कॉलेज कैंपस की सीमाओं में जकड़े साहित्य और संस्कृति को बंधन मुक्त करना साथ ही साहित्य के प्रति छात्रों में रुचि पैदा करना था। इस महोत्सव में अन्य महाविद्यालयों के छात्र भी उपस्थित रहे जिन्होंने फूड स्टॉल्स, बुक स्टॉल्स, फैशन सामग्री सहित कई प्रकार की चीजों का आनंद लिया। इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी संपन्न हुए जिसमें, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, नाटक, नृत्य, मेहंदी, पेंटिंग, गायन, वाद - विवाद, प्रश्नमंच,रंगोली , पोस्टर डिज़ाइन इत्यादि कार्यक्रम संपन्न हुए।



यह कार्यक्रम छात्रों ने स्वतः स्फूर्त होकर माननीय प्राचार्य महोदय एवं सम्माननीय प्राध्यापकों एवं सफाई कर्मचारियों के साझे प्रयास से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजक शिवम पाठक एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर एवं प्रांजलि द्विवेदी, तनुज, लवानी, सूरज, अमन, मंजीत, राशी, प्रीती, मदन, शिवम राउत सहित कई छात्रों ने इस महोत्सव को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।



# नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष पर गायत्री शक्तिपीठ पर विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम

**जबलपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में नवरात्रि पर प्रतिदिन पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम नित्य किये जायेगे। ऋषि-मुनियों ने पंचांग का प्रारंभ चैत्र शुक्ल नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रतिपदा से ही माना है । इसी दिन से हिंदुओं के नववर्ष का प्रारंभ माना जाता है किंतु हमारा दुर्भाग्य है कि हम अपनी संस्कृति को छोड़कर पश्चिमी संस्कृति को अपनाते हुए हैप्पी न्यू ईयर करने लगे हैं। अब समय आ गया है जागरूक होकर अपनी वैदिक, सनातन एवं भारतीय संस्कृति को अपनाने का । इस शुभ अवसर पर अनुरोध किया गया है कि मां दुर्गा एवं आदिशक्ति मां गायत्री के इस शक्ति पर्व नवरात्रि के प्रथम दिवस को प्रत्येक हिंदू परिवार धूमधाम से मनाए। घर के बाहर धर्म ध्वजा फहराएं, मुख्य द्वार पर वंदनवार, रंगोली सजायें, शाम को 5-11 दीपक जलाकर ईश्वर से सबके लिए सद्बुद्धि सबके लिए उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करें एवं अपने मित्रों को नववर्ष पर शुभकामनाएं प्रदान करें। नवरात्रि के शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ पर 9 अप्रैल को प्रातः 6:00 बजे से 17 अप्रैल की प्रातः 6:00 बजे तक अखंड गायत्री जप रखा गया है, सायंकाल अध्यात्म विज्ञान एवं श्रीराम शर्मा आचार्य जी व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है।

# विद्युत कंपनियों के कार्मिकों ने ली शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ

जबलपुर।

विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्ति भवन के मुख्य द्वार पर सोमवार को जिला प्रशासन की स्वीप समिति द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ''मजबूत लोकतंत्र-सबकी भागीदारी'' और मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे। जबलपुर क्षेत्र के मुख्य अभयिंता केएल वर्मा ने सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिकों को शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता, पावर जनरेटिंग कंपनी के सीजीएम एसके शुक्ला, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के सीजीएम एसएस दुबे, पूर्व क्षेत्र कंपनी के जीएम आरसी साहू, सिटी सर्कलि के अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा, ग्रामीण सर्किल के अधीक्षण अभियंता नीरज कुचिया सहित सभी कंपनियों के अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे। जिला प्रशासन की स्वीप समिति के समन्वयक डा. प्रमोद श्रीवास्तव, जिला यूथ समन्वयक डा. अरूण शुक्ला व स्वीप समिति के सदस्य डा. एमके रिछारिया ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संयोजन व समन्वय किया।




# महाराष्ट्र इंस्टीटयूट ऑफ़ हायर एजुकेशन में हुआ मतदान प्रोत्साहन कार्यक्रम

जबलपुर।

लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर सहभागिता करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है । देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते प्रत्येक व्यक्ति को इस उत्तरदायित्व की पूर्ति अनिवार्य रूप से करनी ही चाहिए। ये विचार गोलबाजार स्थित महाराष्ट्र इंस्टीटय़ूट ऑफ हायर एजुकेशन में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला स्वीप समन्वयक डॉ प्रमोद श्रीवास्तव ने व्यक्त किए । कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष चंद्र गुप्ता एवं आभार मतदाता जागरूकता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ नीता ठाकुर ने व्यक्त किया । डॉ शुभम जैन एवं समस्त कैंपस एंबेसडर स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/09
दिनांक:- 08/04/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू राजपूत पति श्री रत्नेश सिंह राजपूत ने मकान नं. 701/3 डी वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 600 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. खसरे की नकल पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## रमजान रोजे अंतिम दौर में

# ईद की तैयारियाँ जोरों पर

जबलपुर।

इस्लाम धर्मावलंबियों के पाक माह रमजान मुबारक के रोजे अंतिम दौर में चल रहे है। कल ईद का चांद नजर आने की उम्मीद है। उसके बाद 11 तारीख को इदुल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ईद के इस्तकबाल की जोरदार तैयारियाँ शुरु हो गई हैं। सयाने बुजुर्गों के साथ नौजवानों तथा मासूम बच्चों में ईद के प्रति भारी उत्साह है। मुस्लिम महिलायें घरों की साफ-सफाई एवं साज सज्जा में दिन रात मशरुफ हैं। ईद के दिन तैयार किये जाने वाले पकवानों के इतंजाम में सभी व्यस्त हैं।



### मीना बाजार गुलजार

मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खंबा में ईद के उपलब्ध में लगने वाले रात्रिकालीन मीना बाजार में खरीददारों की भारी भीड़ शुरु हो गई है। मीना बाजार में ईद की मीठी सेवईयों के अतिरिक्त इत्र, टोपी, चप्पल, जूते, रंग-बिरंगे टुपट्टे, सलवार सूट तथा अन्य जरुरत के सामानों की दुकानें सजाई गई हैं। सांझ ढलते ही मीना बाजार में खरीद फरोख्त का सिलसिला शुरु होता है जो देर रात तक जारी रहता है। मुस्लिम परिवारों की पर्दानशीन बुर्काधारी महिलायें मीनाबाजार में ईद की खरीददारी करने उत्साहपूर्वक पहुंचती हैं। लगभग 2 किमी क्षेत्र में फैला मीना बाजार अर्ध रात्रि तक गुलजार रहता हैं।